न्यूज ब्रीफ

### अटल आवासीय प्रवेश परीक्षा अब 8 मार्च को

**बाराबंकी, अमृत विचार :** अटल आवासीय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा की तिथि में बदलाव किया गया है। अब यह परीक्षा 22 फरवरी के स्थान पर 08 मार्च को निर्धारित केंद्रों पर आयोजित होगी। आवेदन की अंतिम तिथि 15 फरवरी है। सहायक श्रमायुक्त अमित प्रकाश सिंह ने बताया कि शैक्षणिक सत्र 2026-27 में कक्षा-06 में 160 छात्र-छात्राओं एवं कक्षा-09 में 61 छात्र-छात्राओं को चयन परीक्षा के माध्यम से प्रवेश दिया जाएगा। आवेदन ऑनलाइन या ऑफलाइन माध्यम से निःशुल्क स्वीकार किए जाएंगे। आवेदन सहायक श्रम आयुक्त, बीएसए, एबीएसए व जिला प्रोबेशन अधिकारी कार्यालय से प्राप्त किए जा सकते हैं अथवा www.upbocw.in के माध्यम से भी किया जा सकता है।

### करंट की चपेट में आया मजदूर, हालत गंभीर

**त्रिवेदीगंज, बाराबंकी, अमृत विचार :** हैदरगढ़ कोतवाली क्षेत्र में कार्यस्थल पर लापरवाही का एक और मामला सामने आया। थाना लोनीकटरा के सोनिकपुर गांव में बुधवार सुबह गिट्टी-मौरंग की दुकान पर ट्रक में मौरंग की गोड़ाई कर रहा मजदूर ऊपर से गुजर रही एलटी विद्युत लाइन की चपेट में आ गया। पालपुर निवासी रामनरेश (35) ट्रक पर चढ़कर फावड़े से मौरंग बराबर कर रहा था, तभी उसका सिर ऊपर से निकले तार से छू गया और वह करंट से झुलस गया। परिजन उसे सीएचसी त्रिवेदीगंज ले गए, जहां से गंभीर हालत में सिविल अस्पताल लखनऊ रेफर कर दिया गया।

### खाते में वापस हुए ठगे गए रुपये

**बाराबंकी: अमृत विचार :** एनसीआरपी पोर्टल के माध्यम से फर्जी रिश्तेदार बनकर की गयी साइबर ठगी पर त्वरित कार्यवाही करते हुए साइबर सेल द्वारा पीड़ित के 33800 रुपये वापस कराए गए। आवेदक अंकित पुत्र रामविशाल निवासी ग्राम कैथीनपुर थाना सफदरगंज द्वारा फर्जी रिश्तेदार बनकर 33800 रुपये की साइबर ठगी के सम्बन्ध में शिकायती पत्र दिया गया। संदर्भित प्रकरण में पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी संगम कुमार के पर्यवेक्षण में साइबर क्राइम सेल द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए विपक्षी के खाते में धनराशि को होल्ड कराया गया।

# अवसानेश्वर मंदिर से लाखों के जेवर, नकदी चोरी

## पूर्वी हिस्से में लगे लोहे के जालीदार चैनल गेट को तोड़कर भीतर घुसे चोर, घटना से भक्तों में आक्रोश

वारदात

हैदरगढ़, बाराबंकी

**अमृत विचार :** गोमती नदी के तट पर स्थित सुप्रसिद्ध अवसानेश्वर महादेव मंदिर फिर एक बड़ी वारदात का शिकार हुआ। यहां पर चोरों ने मंदिर के गर्भगृह में घुसकर करीब 25 लाख रुपये कीमत के चांदी के आभूषण और दानपात्र में रखी नकदी पर हाथ साफ कर दिया। बुधवार सुबह घटना की खबर फैलते ही हड़कंप मच गया। यहां पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है।


शिवलिंग से गायब चांदी के आभूषण।


मंदिर में जांच करती पुलिस।

जानकारी के अनुसार चोरी की यह वारदात मंगलवार देर रात हुई। चोरों ने अवसानेश्वर मंदिर के पूर्वी हिस्से में लगे लोहे के जालीदार चैनल गेट को औजारों से तोड़कर भीतर प्रवेश किया। इसके बाद गर्भगृह से करीब नौ किलोग्राम चांदी, जिसमें चांदी की छड़ें, आभूषण व अन्य कीमती वस्तुएं शामिल हैं, चुरा ली गई। साथ ही श्रद्धालुओं द्वारा दानपात्र में चढ़ाई गई नकदी भी ले उड़े। घटना का खुलासा बुधवार तड़के करीब पांच बजे हुआ, जब पुजारी शिवम गिरी नित्य पूजन के लिए, मंदिर पहुंचे। टूटे चैनल गेट को देख उन्होंने तत्काल मंदिर समिति के अध्यक्ष संजय गिरी को सूचना दी। चोरी की खबर फैलते ही मंदिर परिसर में स्थानीय लोगों व श्रद्धालुओं की भीड़ जुट गई। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस मंदिर परिसर व आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट्स और डॉग स्क्वायड की भी मदद ली जा रही है। बताया जा रहा कि चोरी के दौरान एकमात्र चोर ने पहचान छुपाने के लिए मंकी कैप पहन रखी थी और गर्भगृह की लाइट बंद कर दी गई थी, जिससे किसी जानकार के शामिल होने की आशंका है। इस बारे में एएसपी रितेश कुमार सिंह ने बताया कि मंदिर से चांदी की छड़ें और आभूषण चोरी हुए हैं। उन्होंने कहा कि पूरे मामले की गहन जांच की जा रही है और जल्द ही घटना का खुलासा करने का प्रयास किया जाएगा।

### मंदिर से दीपदान, दुकान से नकदी उड़ाई

**बाराबंकी, अमृत विचार :** जनपद में चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। अलग-अलग थाना क्षेत्रों में हुई दो चोरी की घटनाओं से लोगों में दहशत का माहौल है। पहली घटना थाना बड्डूपुर क्षेत्र के भगौली तीर्थ शिव मंदिर की है। मंदिर के महंत अजय पुरी पुत्र रामकुमार ने पुलिस को बताया कि 28 जनवरी को मंदिर से पीतल का दीपदान चोरी हो गया। आरोप है कि दीपक मिश्रा पुत्र बिनोज मिश्रा निवासी समनापुर माफी तथा सरबजीत पुत्र रामसनेही निवासी समनापुर माफी थाना रामपुर मथुरा जनपद सीतापुर द्वारा दीपदान चोरी किया गया। दूसरी घटना कोतवाली कुर्सी क्षेत्र की है। ग्राम व पोस्ट कुर्सी निवासी रामनरेश मौर्या की लखनऊ-महमूदाबाद रोड पर यादव होटल के सामने अनाज खरीदने की दुकान है। पीड़ित के अनुसार 2 फरवरी को उनका बेटा दुकान के बाहर बैठा था, जो धूप के कारण सो गया। इसी दौरान दो अज्ञात व्यक्ति दुकान में घुसे और गल्ले में रखे 33,400 नकद चोरी कर फरार हो गए। घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हुई है।

# नशे में धुत कार चालक ने साइकिल सवार को रौंदा

**बाराबंकी, अमृत विचार :** नशे में धुत कार चालक ने साइकिल सवार बुजुर्ग को रौंद दिया, तो पांच दिन पूर्व सड़क हादसे में घायल पिता की मौत के बाद पुत्र ने भी इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

फतेहपुर कोतवाली क्षेत्र में बुधवार को एक हादसा हो गया। घटना फतेहपुर-बाराबंकी रोड स्थित रसूलपनाह मोड़ की है। जमाल अहमद (60) निवासी मोलवीगंज फतेहपुर इसरौली से साइकिल से घर लौट रहे थे। तभी पीछे से आई इनोवा कार ने उन्हे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बुजुर्ग करीब सौ मीटर तक सड़क पर घिसटते चले गए। हादसे के बाद भी चालक नहीं रुका और कार के नीचे फंसी साइकिल लगभग एक किलोमीटर तक घसीटता रहा। मौके पर मौजूद लोगों की सूचना पर पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए कार को रोककर चालक को हिरासत में ले लिया। गंभीर रूप से घायल जमाल अहमद को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत नाजुक बनी हुई है। क्षेत्राधिकारी जगतराम कनौजिया ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। दूसरे हादसे में 29 जनवरी को महादेवा-सूरतगंज मार्ग पर बीकेपुर गांव के पास तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी थी। हादसे में बाइक सवार संजय कुमार और उनके बेटे लवकुश निवासी नौबस्ता बैरानामऊ मंझारी घायल हो गए थे। सीएचसी सूरतगंज में संजय को मृत घोषित कर दिया गया था, जबकि लवकुश को ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर किया गया। बुधवार को उपचार के दौरान लवकुश की भी मौत हो गई। पिता-पुत्र की मौत से गांव में शोक की लहर है।

## एक पक्ष के हमले में जख्मी महिला की हालत गंभीर

**सतरिख, बाराबंकी, अमृत विचार :** नाली के बहते गंदे पानी को लेकर हुए विवाद में बुधवार को दो पक्ष आमने-सामने आ गए। एक पक्ष ने बांका और लाठी-डंडों से हमला कर दिया, जिसमें तीन लोग घायल हो गए। घायलों में एक महिला की हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना थाना क्षेत्र के तीरगांव के मजरे खदरा खोल की है। गांव निवासी पुत्तीलाल के घर के सामने मुनेश्वर रावत के घर से निकलने वाली नाली का पानी भर जाने को लेकर लंबे समय से विवाद चला आ रहा था। बुधवार दोपहर पुत्तीलाल की पत्नी फूला देवी ने गंदा पानी भरने पर विरोध किया, इसी बात को लेकर मुनेश्वर, पप्पू, मुकेश व उनके परिजनों ने लाठी-डंडा व बांके से हमला कर दिया। हमले में फूला देवी के सिर में गंभीर चोट आई और वह बेहोश हो गईं। बचाव में पहुंचे उनके बेटे रंजीत कुमार और बहू उर्मिला को भी पीटा गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस से सीएचसी सतरिख भेजा।

# अतिक्रमण पर गरजी जेसीबी, लगाया जुर्माना

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** बुधवार को जिले भर में नगर पालिका परिषद व नगर पंचायतों की ओर से अतिक्रमण के विरोध में अभियान चलाया गया। इस दौरान अवैध कब्जे, अतिक्रमण, होर्डिंग हटाने के साथ ही कब्जेदारों पर जुर्माना लगाया गया। कार्रवाई को लेकर क्षेत्र में हड़कंप मचा रहा।

नगर पालिका परिषद नवाबगंज क्षेत्र में बुधवार को अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। पालिका के कर अधिकारी कमलेश कुमार चौबे की अगुवाई में यह अभियान धनोखर चौराहा से सिटी इंटर कालेज तक चला। इस दौरान छह गुमटियां जब्त की गईं, तीन होर्डिंग्स ध्वस्त कराई गईं। वहीं प्रतिबंधित पालीथिन मिलने पर एक हजार व अतिक्रमण सामने आने पर दो हजार रुपये जुर्माना लगाया गया। इसी तरह नगर पंचायत देवा एवं पुलिस की संयुक्त टीम ने बुधवार को कस्बे के कुर्सी रोड और देवा-फतेहपुर मार्ग पर सघन अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। अभियान के दौरान नगर पंचायत का बुलडोजर गरजता रहा और सड़क किनारे किए गए अवैध अतिक्रमण को ध्वस्त कर दिया गया। कार्रवाई के दौरान नियमों का उल्लंघन करने वालों से तीन जहार रुपये जुर्माना भी वसूला गया।

प्रशासन की इस कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मच गया, वहीं सड़क किनारे आवागमन को सुचारु बनाने में भी राहत मिली। अभियान के समय अधिशासी अधिकारी संध्या मिश्रा, इंस्पेक्टर देवा अजय कुमार त्रिपाठी, सफाई नायक सोहन वाल्मीकि सहित नगर पंचायत व पुलिस के अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।


प्रेस वार्ता करके पूर्व मंत्री गोप। ● अमृत विचार

### वोट कटवाने वालों पर सपा कराएगी एफआईआर: गोप

**बाराबंकी, अमृत विचार :** एसआईआर के तहत फॉर्म-7 के माध्यम से पात्र मतदाताओं के फर्जी तरीके से वोट काटने की कोशिश करने वालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराकर जेल भिजवाया जाएगा। किसी भी मतदाता के साथ भेदभाव नहीं होने दिया जाएगा। यह बात सपा के राष्ट्रीय सचिव व एसआईआर प्रभारी, पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद कुमार सिंह गोप ने जिला सपा कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में कही। श्री गोप ने कहा कि फॉर्म-7 के जरिए पीडीए वर्ग, विशेषकर अल्पसंख्यकों के वोट कटवाने की साजिश की जा रही है और लगभग हर विधानसभा से इसकी शिकायतें मिल रही हैं। सपा ने चुनाव आयोग को लिखित शिकायतें दी है, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने कहा कि वोट लोकतंत्र का सबसे बड़ा अधिकार है और इससे फर्जी तरीके से वंचित करना बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रेस वार्ता में जिला अध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद, विधायक रामनगर फरीद महफूज किदवाई, सदर विधायक धर्मराज सिंह उर्फ सुरेश यादव, पूर्व विधायक रामगोपाल रावत, राम मगन रावत, पूर्व विधान परिषद सदस्य राजेश यादव 'राजू' सहित अन्य नेताओं ने प्रशासन व चुनाव आयोग से तत्काल कड़ी कार्रवाई की मांग की। प्रेस वार्ता में जिला महासचिव हिमांशु यादव, जिला प्रवक्ता/मीडिया प्रभारी वीरेंद्र प्रधान सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी मौजूद रहे।

## महिला किसान नेता की हत्या का खुलासा

**बाराबंकी: अमृत विचार :** महिला किसान नेता की हत्या पर पड़ा पर्दा हट गया। पुलिस ने हत्या, डकैती व दुराचार के मामले में आरोपी प्रेमी युवक को दबोचा है। महिला किसान नेता लगातार शादी का दबाव डालने के साथ मना करने पर झूठे मुकदमे में फंसा देने की धमकी दे रही थी, इससे परेशान प्रेमी ने महिला की हत्या कर दी। बीती 2 फरवरी को भाकियू अवध गुट की महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सुनीता देवी का शव गदिया पुलिस चौकी अंतर्गत ग्राम खजूरगांव नहर पटरी के पास खेत में मिला था। मृतका का पति गंगाराम निवासी अशरफपुर थाना असन्द्रा फिलहाल ऋषिकेश में बच्चों संग रह रहा है। उसी की तहरीर पर अभियोग पंजीकृत किया गया। एसपी के निर्देश पर गठित टीम ने बुधवार को महिल के प्रेमी राज मिश्रा उर्फ राजू को असैनी ओवरब्रिज के पास से गिरफ्तार किया।

# संदिग्ध दशा में विवाहिता की मौत

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतका के मायके पक्ष ने पति और सास पर मानसिक व शारीरिक उत्पीड़न का गंभीर आरोप लगाते हुए हत्या का आरोप लगाया है।

इटावा के भरथना थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कुंवरा निवासी विजय सिंह ने कोतवाली पुलिस को बताया कि बहन रीमा से 14 वर्ष पूर्व शादी के बाद पति सुरेन्द्र सिंह उर्फ पिंटू वर्तमान में पटेल ग्राउंड के सामने भिटरिया कस्बा में रह रहा है। आरोप है कि विवाह के बाद से ही पति सुरेन्द्र सिंह और उसकी मां पुष्पा देवी द्वारा रीमा को अनपढ़ और गंवार कहकर अपमानित किया जाता था तथा बच्चों की अनुपस्थिति में उसके साथ मारपीट भी की जाती थी। कुछ समय पूर्व पति ने मकान निर्माण के लिए पांच लाख रुपये की मांग की थी, जिसे पूरा नहीं किया जा सका। बताया गया कि 24 जनवरी को रीमा अपने मायके इटावा आई, जहां आरोपी भी पहुंच गया। रीमा ने अपने भाई और परिजनों को पति की हरकतों की जानकारी दी, जिससे आरोपी नाराज हो गया। बाद में माफी मांगने पर रीमा ससुराल लौट गई, जहां उत्पीड़न और तेज हो गया। भाई का कहना है कि 2 फरवरी को रीमा ने फोन पर आशंका जताई थी कि उसका पति उसे मार सकता है और वह पुलिस में शिकायत करने वाली है। इसके कुछ समय बाद संपर्क टूट गया। थोड़ी देर बाद परिवार को रीमा की मौत की सूचना दी गई। मृतका के भाई विजय सिंह ने पति सुरेन्द्र सिंह उर्फ पिंटू और उसकी मां को मौत का जिम्मेदार ठहराते हुए उनके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### युवक की मौत, परिजनों को हत्या की आशंका

**बाराबंकी, अमृत विचार :** सतरिख थाना क्षेत्र के ग्राम पारा कुंवर में एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के मामले में अब हत्या का आरोप लगाया गया है। एक स्कूल में बस चलाने वाले शिवम रावत (23) पुत्र स्व. राम विलास के मोबाइल पर 19 जनवरी की शाम मोहम्मद अफजाल नामक व्यक्ति का फोन आया, जिसके बाद वह बाइक से घर से निकल गया। करीब एक घंटे बाद उसने बताया कि वह थोड़ी देर में घर लौट आएगा, लेकिन इसके बाद उसका मोबाइल बंद हो गया। दूसरे दिन 20 जनवरी को गांव के दक्षिण दिशा में स्थित बाग में आम के पेड़ से शिवम का शव लटका मिला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों का आरोप है कि मृतक के शरीर पर चोट के स्पष्ट निशान मिले हैं। भाई अंकित कुमार रावत ने पुलिस को बताया कि शिवम का गांव की ही एक विवाहिता से प्रेम प्रसंग था, जिसको लेकर पहले से रंजिश चली आ रही थी। उन्होंने अरविंद पुत्र रामकिशोर, मीना पत्नी सतीश और सतीश पुत्र रामसिंह की भूमिका को संदिग्ध बताते हुए निष्पक्ष और गहन जांच की मांग की है। परिजनों के अनुसार यह आत्महत्या नहीं, बल्कि दबाव और प्रताड़ना अथवा किसी साजिश का परिणाम हो सकता है।

दावा | कारागार राज्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री सुरेश राही ने बजट को बताया विकासोन्मुखी

# विकसित भारत के संकल्प को साकार करेगा बजट

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** कारागार राज्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री सुरेश राही ने केंद्रीय बजट 2026 को लेकर प्रेस वार्ता की। उन्होंने इसे विकसित भारत के संकल्प को साकार करने वाला, दूरदर्शी, सर्वसमावेशी और विकासोन्मुखी बजट बताया।

मंत्री राही ने कहा कि केंद्र सरकार का बजट अंतोदय की भावना और आत्मनिर्भर भारत की नींव है। यह बजट 145 करोड़ देशवासियों की आकांक्षाओं को पूरा करने के साथ-साथ अमृतकाल के लक्ष्यों को प्राप्त करने का स्पष्ट रोडमैप प्रस्तुत करता है। उन्होंने बजट में पुराने औद्योगिक क्षेत्रों के कायाकल्प और स्वास्थ्य क्षेत्र में की गई दूरगामी घोषणाओं की सराहना की। सुरेश राही ने कहा कि केंद्रीय बजट सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास की भावना पर


प्रेस वार्ता करके प्रभारी मंत्री सुरेश राही। ● अमृत विचार

आधारित है। वहीं प्रभारी मंत्री ने सपा द्वारा एसआईआर में फर्जी तरीके से वोट काटने के आरोपों पर कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि आरोप लगाना और प्रमाण देना दो अलग बातें हैं। उन्होंने कहा कि आरोप तो लग रहे हैं लेकिन क्या सपा के पास प्रमाण है? हम किसी का वोट क्यों कटवाएंगे? अगर किसी का वोट काटा जाएगा तो उसके लिए पुख्ता प्रमाण चाहिए।

मंत्री ने चुटकी लेते हुए कहा कि यदि सपा ने पहले से फर्जी वोट बनवा रखे हैं तो उन्हें डर लगना लाजमी है, क्योंकि जांच में वे वोट कट जाएंगे। सपा द्वारा विशेष वर्ग (अल्पसंख्यकों) के वोट काटे जाने के आरोप पर सुरेश राही ने कहा कि भाजपा सरकार ने आज तक धार्मिक आधार पर भेदभाव नहीं किया है। उन्होंने सवाल किया कि क्या सरकार की योजनाओं या निधि के वितरण में कोई भेदभाव हुआ है। उन्होंने सपा के आरोपों को पूरी तरह से निराधार बताया। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत, भाजपा जिलाध्यक्ष राम सिंह भुल्लन वर्मा, विधायक दिनेश रावत, रामकुमारी मौर्या, नवीन राठौर समेत पार्टी के कई नेता, पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

# नहर में कूदी महिला, पुलिस के प्रयास से बची जान

**देवा, बाराबंकी, अमृत विचार :** मंगलवार की रात देवा-कुर्सी मार्ग पर स्थित नहर के पुल से एक महिला ने नहर में छलांग लगा दी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी अजय कुमार त्रिपाठी पुलिस बल के साथ तत्काल मौके पर पहुंचे और स्थानीय लोगों की मदद से महिला को नहर से सुरक्षित बाहर निकलवाया। इसके बाद महिला को अपनी सरकारी वाहन से तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र देवा भेजा गया, जहां चिकित्सकों ने उसका उपचार किया।


बचाई गई महिला, साथ में इंस्पेक्टर।

इलाज के बाद महिला की हालत सामान्य बताई गई। उपचार के पश्चात पूछताछ में महिला ने अपना नाम पूनम पत्नी गुरुसेवक निवासी हृदयपुर मजरा दौलतपुर थाना मोहम्मदपुर खाला बताया। पुलिस द्वारा महिला के परिजनों को घटना की सूचना दी गई। परिजनों द्वारा देर रात दूरी अधिक होने एवं आवागमन के साधन उपलब्ध न होने की बात बताए जाने पर उपनिरीक्षक सुमित कुमार वर्मा, महिला आरक्षी शीतल सिंह, महिला आरक्षी नीता तोमर, कांस्टेबल अतुल कुमार द्वारा महिला को सुरक्षित थाना मोहम्मदपुर खाला ले जाकर परिजनों के सुपुर्द किया गया। इस घटनाक्रम में इंस्पेक्टर अजय कुमार त्रिपाठी सहित पुलिस टीम की सराहना की जा रही है।

### शिक्षक हितों से समझौता नहीं: अभिषेक सिंह


अधिकारियों से वार्ता को पहुंचे जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह व अन्य शिक्षक नेता।

**बाराबंकी, अमृत विचार :** चल-अचल संपत्ति विवरण को लेकर जारी शासनादेश से परिषदीय शिक्षकों में फैले भ्रम को लेकर अब स्थिति स्पष्ट होने लगी है। आदेश के अध्ययन से सामने आया है कि यह प्रावधान राज्य कर्मचारियों पर लागू है, न कि परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों पर। इसके बावजूद जमीनी स्तर पर इसे परिषदीय शिक्षकों से जोड़कर देखा गया इस संबंध में प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह ने वित्त एवं लेखाधिकारी संतोष कुमार मौर्या और बीएसए नवीन कुमार पाठक से वार्ता कर स्पष्ट किया कि परिषदीय शिक्षक राज्य कर्मचारी नहीं हैं, अतः यह आदेश उन पर लागू नहीं होता। बिना स्पष्ट शासनादेश के संपत्ति विवरण को वेतन से जोड़ना शिक्षक हितों के प्रतिकूल है। इस मुद्दे पर प्रांतीय संगठन ने भी आपत्ति दर्ज कराते हुए चेतावनी दी है कि यदि आदेश को परिषदीय शिक्षकों पर लागू करने का प्रयास हुआ तो विरोध किया जाएगा। शिक्षक हितों से कोई समझौता नहीं होगा। वित्त एवं लेखाधिकारी ने मार्गदर्शन पत्र भेजे जाने और बीएसए ने सकारात्मक रुख अपनाते हुए शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया है।

### कार्यकारी अध्यक्ष बने विष्णु प्रसाद वर्मा


नियुक्ति पत्र देते जिलाध्यक्ष सुनील कुमार। ● अमृत विचार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की ब्लॉक इकाई हरख की कार्यकारिणी में रिक्त पद पर विष्णु प्रसाद वर्मा को कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। जिला महामंत्री के लखपेड़ाबाग स्थित आवास पर आयोजित कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष सुनील कुमार ने उन्हें नियुक्ति पत्र प्रदान किया। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष हरख रमाशंकर मौर्य ने माला पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम में जिला महामंत्री संतोष वर्मा, जिला संगठन मंत्री नीरज श्रीवास्तव, जिला संयुक्त मंत्री शिवशरण, जिला मंत्री मो. इकबाल सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### एडीओ पंचायत को दी गयी भावभीनी विदाई


विदाई समारोह में बीडीओ को किया गया सम्मानित। ● अमृत विचार

**मसौली, बाराबंकी, अमृत विचार :** सहायक विकास अधिकारी (एडीओ) पंचायत जानकीराम के सेवानिवृत्त होने पर बुधवार को ब्लॉक सभागार में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। बीडीओ संदीप कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि सेवानिवृत्ति एक सामान्य प्रक्रिया है। प्रभारी एडीओ पंचायत संजीव कुमार ने भी संबोधित किया। विदाई समारोह में उन्हें माला पहनाकर, शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया और उपहार भेंट किए गए। इस अवसर पर एडीओ आईएएस बी. मदन गोपाल कनौजिया, कंसल्टिंग इंजी. प्रदीप कुमार, वीडीओ जैसराम, राम प्रकाश वर्मा, कमल किशोर, अखिलेश्वर सिंह, सौम्या सिंह, उत्तम वर्मा, अजय वर्मा, बीना मौर्य, वंदना, रमाकांत, सफाई कर्मचारी संघ के अध्यक्ष चंद्रलाल, सचिन वाल्मीकि आदि मौजूद रहे।

### सुप्रीम कोर्ट के निर्णय से अनुदेशकों में खुशी


खुशी जाहिर करते अनुदेशक। ● अमृत विचार

**बाराबंकी : अमृत विचार :** सुप्रीम कोर्ट द्वारा अनुदेशक शिक्षकों का मानदेय 17,000 रुपये प्रतिमाह किए जाने के निर्णय से अनुदेशकों में खुशी की लहर दौड़ गई। उच्च प्राथमिक अनुदेशक शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष दिवाकर अवस्थी गांधी ने सर्वोच्च न्यायालय के प्रति आभार व्यक्त किया। प्रदेश प्रवक्ता नीरज पांडेय ने कहा कि यह फैसला लोकतांत्रिक है, जबकि जिला महामंत्री सुजीत सिंह ने इसे ऐतिहासिक कदम बताया। जिला संगठन मंत्री अम्बरीष यादव ने इसे संगठन की एकता की जीत, जिला संयोजक अतुल शुक्ला ने इसे भविष्य सुरक्षित करने वाला निर्णय बताया। इस अवसर पर जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ के प्रदेश महामंत्री अरुणेंद्र वर्मा 'मुन्ना', प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय संगठन मंत्री देवेंद्र द्विवेदी, शिक्षक नेता दिलीप तिवारी तथा राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त सेवा निवृत्त शिक्षक सुभाष श्रीवास्तव ने अनुदेशकों को मिठाई खिलाकर बधाई दी। कार्यक्रम में जिला संयोजक आशीष मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष आशीष वर्मा, जिला मीडिया प्रभारी राजीव साहू व विशाल वर्मा, जिला प्रचार मंत्री प्रीति श्रीवास्तव, जिला मंत्री रामजी बाजपेई, जिला उपाध्यक्ष शैलेन्द्र मौर्य, सीता सिंह, जिला महिला उपाध्यक्ष आराधना, जिला महासचिव आलोक यादव, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष आशीष वर्मा सहित विनीता, पुनीत, पूनम यादव, मोहसिन हसीब, गौरव तिवारी, सुनीता देवी, अशोक कुमार, हितेश सिंह, अंकित तिवारी, पुनीत शर्मा समेत बड़ी संख्या में अनुदेशक पदाधिकारी एवं शिक्षक उपस्थित रहे।

### अनुदेशकों के आत्मसम्मान को मिली मजबूती

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार :** उच्च प्राथमिक शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी राजीव कुमार साहू ने बताया कि अनुदेशक पिछले 13 वर्षों से पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ शिक्षा व्यवस्था को मजबूत कर रहे हैं। फैसले के बाद उनके घरों में खुशी का माहौल है। अनुदेशक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष अंकित तिवारी ने न्यायपालिका के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह फैसला न सिर्फ आर्थिक राहत देगा, बल्कि अनुदेशकों के आत्मसम्मान को भी मजबूती देगा।

### राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियां तेज

**बाराबंकी, अमृत विचार :** जनपद न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्ष प्रतिमा श्रीवास्तव की अध्यक्षता में न्यायालय सभागार में न्यायिक अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में अल्पना सक्सेना, पीठासीन अधिकारी मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, वंदना सिंह, प्रधान न्यायाधीश पारिवारिक न्यायालय सहित अन्य न्यायिक अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में प्रतिमा श्रीवास्तव ने 14 मार्च को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए अधिक से अधिक मामलों को चिन्हित कर उनके निस्तारण पर जोर दिया।

### डकैती के दोषी को पांच साल की कैद

**बाराबंकी, अमृत विचार :** न्यायालय ने डकैती की घटना में एक अभियुक्त को 5 वर्ष कठोर कारावास व 4 हजार रुपये अर्थदण्ड अदा करने की सजा सुनाई है। थाना जहांगीराबाद पर डकैती की घटना के सम्बन्ध में पंजीकृत भादवि से सम्बन्धित अभियुक्त निर्भय सिंह उर्फ पिन्टू को न्यायालय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कोर्ट संख्या-11 द्वारा दोषसिद्ध करते हुए 5 वर्ष कठोर कारावास से दण्डित किया गया। 26 जून 2015 को थाना जहांगीराबाद पर वादिनी सुमन श्रीवास्तव ने निर्भय सिंह उर्फ पिन्टू के विरुद्ध उससे नकद रुपये, जेवर लूट लेने के सम्बन्ध में सूचना दी गई। सूचना के आधार पर भादवि के तहत मामला पंजीकृत किया गया।

अमृत विचार

लखनऊ, गुरुवार,5 फरवरी 2026

हरदोई

### न्यूज ब्रीफ

**पति से झगड़े के बाद प्रेमी संग महिला फरार**

**टड़ियावां, हरदोई, अमृत विचार।** क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने बताया कि उसकी पुत्री सीतापुर जिले के गांव बाजनगर में ब्याही थी। उसका कहना है कि उसकी पुत्री और दामाद के बीच झगड़ा होने पर वह मायके चली आई। 1 फरवरी की सुबह वह गांव बाजनगर के गोविंद के साथ माल जेवर और सात हजार की नकदी लेकर भाग गई है। एसओ कुलदीप सिंह ने बताया कि आरोपी गोविंद के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर छानबीन चल रही है।

**युवती से छेड़छाड़ का आरोप, रिपोर्ट दर्ज**

**टड़ियावां, हरदोई, अमृत विचार।** बिलग्राम थाना क्षेत्र की निवासी युवती ने पुलिस को प्रार्थना पत्र में बताया कि वह थाना क्षेत्र के निवासी अपने मामा के घर रहती है। आरोप है कि तीन फरवरी की शाम घर में युवती खाना बना रही थी। उसी बीच शराब के नशे में धुत गांव के अक्षयलाल ने घर में घुसकर उसके साथ छेड़छाड़ की। शोर मचाने पर ममेरी बहन ने आरोपित के चंगुल से छुड़ाया। थानाध्यक्ष कुलदीप सिंह ने बताया कि आरोपी अक्षयलाल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर तलाश की जा रही है।

**पिकअप व चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज**

**टड़ियावां, हरदोई, अमृत विचार।** सीतापुर के थाना पिसावा के गांव बिजौली निवासी अंजुल ने बताया कि बघौली थाना के गांव नकुड़ी निवासी अपने भांजे अभिनव शुक्ला के साथ बाइक से 19 जनवरी की शाम घर जा रहा था। उसी बीच क्षेत्र के गांव फुकहा मोड के पास सामने से आ रहे पिकअप चालक ने लापरवाही बरतते हुए टक्कर मार दी। उसका भांजा अभिनव के पास खड़ा था, पिकअप की टक्कर से अभिनव गंभीर रूप से घायल हो गया। 27 जनवरी को अभिनव की लखनऊ में इलाज के दौरान मौत हो गई।

# अधूरी नहर का रजवाहा बना हर साल की तबाही

जुबेर खान, पिहानी, हरदोई



समस्याएं बताते ग्रामीण। अमृत विचार

**अमृत विचार।** ब्लॉक अंतर्गत ग्राम सभा रजुआपुर मजरा लक्ष्मीपुरवा में शारदा नहर से निकले रजवाहे का अधूरा निर्माण ग्रामीणों के लिए हर साल की मुसीबत बन चुका है। कालाबोझ से पतौन-रजुआपुर मजरा लक्ष्मीपुरवा की ओर जाने वाला यह रजवाहा बीच रास्ते में ही छोड़ दिया गया, जिसका खामियाजा आज पूरा गांव भुगत रहा है।

ग्रामीणों के अनुसार अलावलपुर से निकलने वाला जलमार्ग भी कई स्थानों पर बंद और अधूरा है। नहर विभाग की योजना के तहत पानी को आलावलपुर मार्ग से पूरब बहादुर नगर होते हुए नहर विभाग की जमीन पर रजुआपुर-झावर में गिराया जाना था, लेकिन निकासी की व्यवस्था पूरी न होने के कारण सारा पानी गांव की ओर बह रहा है। हर साल जनवरी–फरवरी के महीनों में गांव जलमग्न हो जाता है। इस बार हालात और गंभीर हैं। करीब 200 बीघा से अधिक कृषि भूमि में खड़ी गेहूं, आलू, गन्ना, लाही समेत अन्य फसलें पूरी तरह बर्बाद हो गई हैं। जलभराव के चलते कई किसानों के घरों में पानी घुस गया है, जिससे आवागमन बाधित हो गया है। गांव की गलियां तालाब में तब्दील हो चुकी हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि नहर विभाग की लापरवाही पर सख्त कार्रवाई करते हुए रजवाहे और जलनिकासी का कार्य तत्काल पूरा कराया जाए, ताकि रजुआपुर माजरा लक्ष्मीपुरवा को हर साल होने वाली इस तबाही से राहत मिल सके।

**लिखित शिकायतों के बाद भी विभाग बना है अनजान**

ग्रामीणों का कहना है कि इस समस्या को लेकर ग्राम प्रधान से लेकर नहर विभाग तक कई बार लिखित शिकायतें दी गईं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। हर साल यही स्थिति बनती है और किसानों की मेहनत पानी में बह जाती है। यह स्थिति प्रशासन की कार्यशैली पर भी गंभीर सवाल खड़े करती है। जब हर साल एक ही समय पर जलभराव की समस्या सामने आती है, तो नहर विभाग द्वारा रजवाहे और जलनिकासी के अधूरे कार्य को अब तक पूरा क्यों नहीं कराया गया? बार–बार की गई लिखित शिकायतों के बावजूद कार्रवाई क्यों नहीं हुई? और सबसे बड़ा सवाल यह है कि इस लापरवाही की जिम्मेदारी आखिर किसकी है।



वीरेश प्रताप।



राजकुमार।



कमलेश कुमार।



जगदीश प्रसाद।

**ग्रामीणों के बयान**

वीरेश प्रताप का कहना है कि "नहर विभाग ने रजवाहे का काम अधूरा छोड़ दिया है, जिसका खामियाजा हम किसान हर साल भुगत रहे हैं। खेतों में खड़ी फसल पानी में डूब जाती है और किसी तरह की कोई सहायता भी नहीं मिलती। राजकुमार ने बताया कि पानी को जिस तय रास्ते से निकाला जाना था, वहां की व्यवस्था नहीं की गई। इसी वजह से पूरा पानी गांव और खेतों में घुस रहा है। कई बार शिकायत की, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। कमलेश कुमार कहते हैं कि करीब 200 बीघा जमीन की फसल पूरी तरह बर्बाद हो चुकी है। गेहूं, आलू, गन्ना सब पानी में गल गया है। किसान कर्ज लेकर खेती करता है और हर साल इसी तरह नुकसान झेलता है। जगदीश प्रसाद का कहना है कि अब समस्या सिर्फ खेती की नहीं रही, घरों के अंदर तक पानी भर गया है। बच्चों और महिलाओं को बाहर निकलने में परेशानी होती है, रात में डर बना रहता है।



# डीआरएम को निरीक्षण में मिलीं खामियां

## हरदोई स्टेशन पर चल रहे कार्यों का लिया जायजा, अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश

संवाददाता, हरदोई



रेलवे स्टेशन का निरीक्षण करतीं डीआरएम विनीता श्रीवास्तव।

**अमृत विचार।** मुरादाबाद मंडल की नवागंतुक डीआरएम विनीता श्रीवास्तव ने जीएम नॉर्दर्न रेलवे के प्रस्तावित दौरे से पहले मंडल के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ व्यापक निरीक्षण अभियान चलाया।

जानकारी के अनुसार डीआरएम मंगलवार रात बालामऊ जंक्शन पर रुकीं और वहीं रात्रि विश्राम किया। इसके बाद बुधवार सुबह उन्होंने हरदोई से काकोरी तक विंडो निरीक्षण कर रेलवे ट्रैक, सिग्नलिंग व्यवस्था और संचालन व्यवस्था का जायजा लिया।शाम करीब चार बजे डीआरएम हरदोई स्टेशन पहुंचीं, जहां उन्होंने अमृत भारत योजना के तहत चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्हें कई छोटी लेकिन महत्वपूर्ण खामियां मिलीं, जिनको लेकर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और जल्द सुधार सुनिश्चित करने को कहा। निरीक्षण के दौरान सीनियर डीसीएम कोचिंग आदित्य गुप्ता का रुख काफी सख्त नजर आया। उन्होंने व्यवस्थाओं में लापरवाही को लेकर अधिकारियों और कर्मचारियों को कड़ी फटकार लगाई। पेड एसी वेटिंग रूम में पेंट के डिब्बे रखे मिलने पर उन्होंने नाराजगी जताते हुए तत्काल उन्हें हटाने के निर्देश दिए। इसके अलावा वेटिंग रूम में रखे क्षतिग्रस्त सोफों को भी तुरंत ठीक कराने के निर्देश दिए गए।

**रेलखंड पर हुआ स्पीड ट्रायल**

सीनियर डीसीएम फ्रेट द्वारा मालगोदाम का गहन निरीक्षण किया गया। इस दौरान रिकॉर्ड और संचालन व्यवस्था की बारीकी से जांच की गई। सूत्रों के मुताबिक सीनियर डीसीएम ऋचा शर्मा ने रेलवे ट्रैक के उन हिस्सों तक निरीक्षण किया जहां आम तौर पर लोग जाने से बचते हैं। ट्रैक के पास गंदगी मिलने के बावजूद उन्होंने मौके पर जाकर स्थिति का जायजा लिया और सफाई व्यवस्था को लेकर सख्त निर्देश दिए। उन्होंने मालगोदाम में अभिलेखों की भी लंबे समय तक जांच की।डीआरएम ने काकोरी से हरदोई के बीच स्पीड ट्रायल से जुड़े बिंदुओं की भी समीक्षा की। उन्होंने उन सभी व्यवस्थाओं को परखा जो आगामी जीएम निरीक्षण के दौरान महत्वपूर्ण रहने वाली हैं।

**सफाई की खुली पोल,फिर दिखे शराब के रैपर**

निरीक्षण के दौरान स्टेशन की सफाई व्यवस्था पर सवाल भी खड़े हुए। पहले भी प्लेटफॉर्म पर शराब की बोतलें और रैपर मिलने की शिकायतें सामने आ चुकी हैं। इस बार भी स्टेशन परिसर में देशी शराब के रैपर मिलने से सफाई व्यवस्था की पोल खुलती नजर आई। स्थानीय लोगों का कहना है कि अक्सर सिर्फ अधिकारियों के आने वाले क्षेत्रों में ही सफाई कराई जाती है, जबकि बाकी हिस्सों की स्थिति जस की तस बनी रहती है।

# पति से तलाक के मुकदमे के बीच पत्नी ने की आत्महत्या

संवाददाता, हरदोई

- **10 साल से मायके में कर रही थी गुज़र-बसर, वहीं लगाई फांसी**

**अमृत विचार।** पति-पत्नी के बीच चल रहे तलाक के मुकदमें के दौरान 10 साल से पत्नी अपने मायके में रह रही थी,मंगलवार की रात उसने वहीं फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली,बुधवार की सुबह उसका शव देखा गया,जिसे पुलिस ने कब्ज़े में लेते हुए पोस्टमार्टम कराया है।

बताया गया है कि बिलग्राम कोतवाली के जलालपुर निवासी अनुज कुमार की 32 वर्षीय पत्नी दीपमाला 10 सालों से अपने मायके रामपुर धमेड़ी थाना सुरसा में रह रही थी,उसने मंगलवार की देर रात अपने दुपट्टे से वहीं बरामदे में फांसी लगा ली,बुधवार की सुबह दीपमाला की छोटी बहन मंजू नींद से उठी,शव लटकता देख कर वह चीख पड़ी,उसकी आवाज़ सुन कर सारे लोग जाग गए,वहां पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्ज़े में लेते हुए उसका पोस्टमार्टम कराया है। दीपमाला के पिता शैलेंद्र जोकि शिक्षा मित्र हैं,ने बताया कि 17 पहले शादी हुई थी,दीपमाला के बेटा हुआ,उसके बाद पति-पत्नी के बीच झगड़ा हो गया,बेटा आयुष पिता के पास रुक गया और दीपमाला अपने मायके चली गई,वहीं से दोनों के बीच तलाक की मुकदमेंबाज़ी शुरु हो गई। दौरान मुकदमा करीब 10 साल से दीपमाला मायके में ही रह रही थी,वहीं उसने फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

# मुकदमों की सुनवाई में देरी जनता की बड़ी परेशानी

संवाददाता, सण्डीला, हरदोई



जानकारी देते नागेंद्र मिश्रा एडवोकेट।

- **न्यायिक प्रक्रियाओं में देरी को लेकर अधिवक्ता समिति सण्डीला सक्रिय, दिलाया भरोसा**

**अमृत विचार।** तहसील क्षेत्र में राजस्व से जुड़े मुकदमों की सुनवाई में हो रही देरी तथा दाखिल-खारिज/नामांतरण की जटिलताओं को लेकर अधिवक्ता समिति सण्डीला ने कड़ा रुख अपनाया है। बुधवार को आयोजित प्रेस वार्ता में अधिवक्ता समिति सण्डीला के मंत्री नागेंद्र मिश्रा ने इन समस्याओं को गंभीर बताते हुए शीघ्र समाधान का भरोसा दिलाया।

प्रेस वार्ता के दौरान महामंत्री अधिवक्ता समिति संडीला नागेंद्र मिश्रा ने कहा कि धारा 80, धारा 34 तथा दाखिल-खारिज/नामांतरण से संबंधित मुकदमों में अनावश्यक विलंब आम जनता के लिए बड़ी परेशानी बन गया है। धारा 80 के अंतर्गत कृषि भूमि को गैर-कृषि घोषित कराने की प्रक्रिया लंबित रहने से लोग आवासीय व व्यावसायिक निर्माण कार्य शुरू नहीं कर पा रहे हैं। वहीं संपत्ति हस्तांतरण के बाद दाखिल-खारिज और नामांतरण में देरी से कानूनी अधिकारों के उपयोग में बाधा उत्पन्न हो रही है। उन्होंने बताया कि राजस्व न्यायालयों में मुकदमों की अधिकता के कारण न्यायिक प्रक्रिया प्रभावित हो रही है और वर्षों से मामले लंबित हैं। इससे न केवल वादकारियों का समय और धन व्यर्थ हो रहा है, बल्कि अधिवक्ताओं को भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। अधिवक्ता समिति सण्डीला के मंत्री ने स्पष्ट किया कि इन सभी मुद्दों के समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों से शीघ्र मुलाकात कर ठोस चर्चा की जाएगी। समिति की ओर से यह प्रयास किया जाएगा कि लंबित मुकदमों का शीघ्र निस्तारण हो, प्रक्रियाएं सरल बनें और आम लोगों के साथ-साथ अधिवक्ताओं को भी राहत मिल सके। उन्होंने उम्मीद जताई कि प्रशासनिक स्तर पर सकारात्मक पहल से समस्याओं का समाधान होगा और न्यायिक कार्यप्रणाली अधिक प्रभावी बन सकेगी।

**डीपीआरओ किए गए निलंबित**

**हरदोई, अमृत विचार।** शासन के निर्देशों के पालन में हीलाहवाली करने वाले डीपीआरओ को निलंबित कर दिया गया। साथ ही उनके विरुद्ध अनुशासनिक कार्यवाही भी की गई, जिसकी जांच उप निदेशक पंचायत देवीपाटन गिरीश चंद्र रजत को सौंपी गई है। जिला पंचायत राज अधिकारी विनय कुमार सिंह को संयुक्त निदेशक अमित कुमार सिंह पंचायती राज ने कई अनियमितताओं के चलते निलंबित कर दिया। श्री सिंह ने डिजिटल पुस्तकालय समय से नहीं बनवाए, अंत्येष्टि स्थलों का काम भी पूरा नहीं हो पाया, साथ ही उनके उच्चाधिकारियों के आदेशों की अवहेलना का भी आरोप था।

# शबे-बरात पर अकीदत के साथ हुई इबादत

संवाददाता, बिलग्राम, हरदोई



कब्रिस्तान में मौजूद लोग।

**अमृत विचार।** नगर में शबे-बरात का मुबारक पर्व पूरी श्रद्धा, शांति और धार्मिक माहौल के बीच मनाया गया। इस अवसर पर दरगाह हज़रत इमामुद्दीन चिश्ती रहमतुल्ला की मजार सहित नगर के सभी कब्रिस्तानों में विशेष रौशनी की गई, जिससे पूरा क्षेत्र जगमगा उठा। बड़ी संख्या में मुसलमानों ने कब्रिस्तानों में पहुंचकर फातिहा पढ़ी और अपने मरहूमीन की मगफिरत के लिए दुआएं कीं।

शबे-बरात की पाक रात मस्जिदों में नमाज़ और इबादत का विशेष आयोजन हुआ। लोगों ने नफ्ल नमाज़ अदा कर अल्लाह से रहमत और बरकत की दुआ मांगी। वहीं महिलाओं ने घरों में नमाज़ अदा की और कुरआन शरीफ की तिलावत की। पूरी रात इबादत, तस्बीह और दुआओं का सिलसिला चलता रहा। इस मौके पर मोहल्लों में समाजसेवी साथियों की ओर से चाय, कॉफी, बिस्कुट और लंगर खाने का इंतज़ाम किया गया, जिससे इबादत के लिए आने वाले लोगों को सुविधा मिल सके। लंगर व्यवस्था में मुमताज़, राजू, शकील दिल्ली, नासिर मलिक, सरताज, जिशान, खुर्शीद, अदनान और रुआब का विशेष योगदान रहा। नगर में शबे-बरात का पर्व आपसी भाईचारे और धार्मिक सौहार्द के साथ शांतिपूर्ण ढंग से मनाया गया।

# मोबाइल कोर्ट का हुआ आयोजन, राज्य आयुक्त ने दिव्यांगों को वितरित किए सहायक उपकरण

**संवाददाता, हरदोई, अमृत विचार।** आईटीआई परिसर में राज्य आयुक्त दिव्यांगजन प्रो. हिमांशु शेखर झा ने दिव्यांग जनों के लिए मोबाइल कोर्ट का आयोजन किया।

आयुक्त ने कार्यक्रम में 98 शिकायतों को सुना गया तथा मौके पर ही निस्तारित करने का आदेश संबंधित अधिकारियों को दिए। इस मौके पर 30 दिव्यांगजनों को ट्राई साइकिल, हियरिंग एड, बैसाखी, लेप्रोसी किट, आदि का वितरण भी आयुक्त ने किया। कार्यक्रम में आयुष्मान कार्ड, दिव्यांग प्रमाण पत्र, राशन कार्ड आदि के कैम्प लगाए गए। कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह, जिला विकास अधिकारी, उपजिलाधिकारी पूनम भास्कर, डिप्टी सीएमओ मनोज कुमार, लीड बैंक मैनेजर, सहायक श्रम आयुक्त, तथा संजय कुमार निगम जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी आदि विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।



दिव्यांग बच्चे को सहायक उपकरण कर सम्मानित करते राज्य आयुक्त प्रो. हिमांशु शेखर झा।

# नृत्य प्रतियोगिता में छात्राओं ने दिखाई प्रतिभा

संवाददाता, हरदोई



कार्यक्रम में मौजूद छात्राएं व साथ में महाविद्यालय परिवार। अमृत तिवचार

**अमृत विचार।** आर्य कन्या महाविद्यालय में युवा महोत्सव के तीसरे दिन खेलकूद की प्रतियोगिताएं शारीरिक शिक्षा प्रभारी प्रो. सरिता यादव के नेतृत्व में प्रारंभ हुईं। जोश और रोमांच से भरे 100 मीटर बाधा दौड़ में प्रथम स्थान पर सरस्वती ,द्वितीय स्थान पर मानसी और तृतीय स्थान पर तनु कश्यप रही। भाला फेंक में प्रथम स्थान खुशभ पर, द्वितीय स्थान पर पलक और निशा तृतीय स्थान पर रहीं।

बुधवार के अंतिम प्रतियोगिता कबड्डी का फाइनल हुई, जिसमें बहुत ही रोमांचक मुकाबले में बी.ए. तृतीय वर्ष ने प्रथम वर्ष की छात्राओं को पटखनी दी। सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं के क्रम में सर्वप्रथम नीता आर्य के निर्देशन में स्वरचित कविता प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें निर्णायक मंडल की भूमिका ने निभाई। छात्राओं ने स्वरचित कविताओं के माध्यम से अपनी मनमोहक कविता कविताएं सुना कर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। डॉ अंजू एवं डॉ स्मृति सिंह निर्णायक मंडल में रहे। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर अनुष्का द्वितीय स्थान पर श्वेता और तृतीय स्थान शिफा अंसारी को एवं मिताली वर्मा ने सांत्वना को प्राप्त कर प्रतियोगिता में बाजी मारी।

प्रादेशिक नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन प्रो. सरिता यादव और डॉ. स्मृति सिंह के निर्देशन में संपन्न हुआ, जिसमें निर्णायक मंडल की भूमिका में प्राचार्य डॉ सुमन वर्मा, नीता आर्य और प्रो. ने निभाया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर तोषी, द्वितीय स्थान पर पलक और तृतीय स्थान श्रेष्ठी रही।

**एक साथ कई मंदिरों में किया 143वां मंगल पाठ**

**हरदोई, अमृत विचार।** श्री कृष्ण जन्म सेवा दल के सदस्यों ने भक्त प्रहलाद नगरी के कई मंदिरों में एक साथ धार्मिक आयोजन कर माहौल को भक्ति मय कर दिया। श्री कृष्ण जन्म सेवा दल के सदस्यों ने श्री ठाकुर द्वारा मंदिर सदर बाज़ार, श्री खाटू श्याम मंदिर रेलवेगंज, श्री बाला जी मंदिर खेतुई धाम, श्री महादेव मंदिर ग्राम काईमाऊ, श्री महावीर मंदिर गंज जलालाबाद मल्लावां में हनुमान चालीसा, अष्टक व् आरती कर माहौल को भक्ति पूर्ण बना दिया। इस अवसर पर भजन गायक अजय दीक्षित और अपूर्व गुप्ता ने एक से बढ़कर एक भजन सुनाकर भक्तिमय माहौल बना दिया।

**आयोजन** | श्रद्धालुओं ने जगह–जगह बारातियों का किया स्वागत

# धूमधाम से निकली श्रीराम बारात

संवाददाता, हरदोई



श्रीराम की झांकी की आरती करते मंत्री नितिन अग्रवाल।



बारात में सजी शंकर–पावर्ती की सुंदर झांकी।



**अमृत विचार।** नगर में चल रही वार्षिक रामलीला में बुधवार को श्रीराम की बरात निकाली गई। बारात का शुभारंभ नुमाइश मैदान में आरती पूजन के साथ हुआ।

नुमाइश मैदान से शुरू हुई बारात में मंत्री नितिन अग्रवाल ने भगवान की आरती उतारकर बारात का शुभारंभ किया। बारात में भगवान के विभिन्न रूपों की झांकियां सजाई गई। दर्जनों रथ-बग्गियों पर सवार बारातियों का जगह-जगह नगर में स्वागत किया गया। बारात में हाथी-घोड़े के साथ रंग बिरंगी लाइटें देखते ही बन रही थी। बारात में दर्जनों बैंड कंपनियों ने अपनी प्रस्तुतियां दीं। बारातियों को जगह-जगह जलपान कराया गया। बताते चले कि इस ऐतिहासिक बारात को देखने के लिए दोपहर से रात तक लोग नगर की सड़कों के किनारे प्रतीक्षा करते रहते हैं। राम की बारात का प्रतिवर्ष लोग बड़े उत्साह से स्वागत करते हैं। पूरे वर्ष लोगों को बारात का इंतजार रहता है।

**अहिरोरी से नैमिष तक कल निकाली जाएगी कलश यात्रा**

**टड़ियावां, हरदोई, अमृत विचार।** अहिरोरी कस्बे के सिद्ध स्थान बाबा भूतनाथ मंदिर महर्षि मंगलगिरि आश्रम में द्वादश श्री रुद्र महायज्ञ एवं शिवपुराण कथा का भव्य आयोजन छह फरवरी से 15 फरवरी (महाशिवरात्रि) तक होगा। जिसमें मुख्य अतिथि स्वामी विमलानंद सरस्वती महाराज नैमिष धाम उपस्थित होकर दीप प्रज्वलित कर कलश यात्रा का शुभारंभ करेंगे। मंगलगिरी आश्रम के संचालक रुद्रेश शुक्ल ने बताया कि 8 फरवरी को यज्ञोपवीत एवं गुरु दीक्षा संस्कार और 14 फरवरी को शाम 4 बजे छप्पन भोग का प्रसाद बाबा भूतनाथ को अर्पित कर रात्रि नौ बजे पुष्प एवं इत्र वर्षा कर भक्तों को आनंदित किया जाएगा। 15 फरवरी महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर सुबह छह बजे 108 पार्थिव शिव लिंग का भक्तों द्वारा रूद्राभिषेक कर 11 बजे विशाल भंडारे का आयोजन कर कार्यक्रम को सम्पन्न किया जाएगा।

# लेखपाल की तहरीर पर तीन लोगों के खिलाफ अवैध खनन की रिपोर्ट दर्ज





**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** तहसील क्षेत्र के ग्राम कोटरा परगना पंडरवा में ग्राम समाज की बंजर भूमि पर अवैध मिट्टी खनन के मामले में हल्का लेखपाल की लिखित तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

लेखपाल रामानुज मिश्रा के अनुसार उपजिलाधिकारी अंकित तिवारी के क्षेत्र भ्रमण के दौरान ग्राम वासियों द्वारा शिकायत की गयी थी कि पंडरवा के ग्राम कोटरा की बंजर भूमि पर कुछ लोगों द्वारा अवैध खनन किया जा रहा था। एसडीएम के आदेश पर उनके द्वारा जांच में सत्यता पाए जाने पर गुड्डू निवासी पंडरवा, सुधीर सिंह और पिंटू सिंह निवासीगण ग्राम खटेली द्वारा ग्राम समाज की भूमि पर खनन करने के मामले में लेखपाल की लिखित तहरीर पर पिहानी पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है। प्रभारी निरीक्षक पिहानी ने बताया रिपोर्ट दर्ज कर जांच पड़ताल की जा रही है।

**जिलाधिकारी ने जन सुनवाई में सुनीं 59 शिकायतें**

**हरदोई, अमृत विचार।** कलेक्ट्रेट में जन सुनवाई के दौरान जिलाधिकारी अनुनय झा ने आमजन की समस्याओं को सुना। बुधवार को कुल 59 शिकायते प्राप्त हुई, जिसके त्वरित निस्तारण के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक शिकायत का निस्तारण समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण पूर्ण हो। जन सुनवाई मे प्राप्त कुछ शिकायतों का जिलाधिकारी ने मौके पर ही समाधान किया। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी न्यायिक गरिमा सिंह भी मौजूद रहीं।

## न्यूज ब्रीफ

### खंभे में उतरा करंट दो की मौत

सीतापुर। खंभे से करंट उतरने के कारण दो भैंस की मौत हो गई। पिसावां थानाक्षेत्र के कपूरपुर गांव में हुआ हादसा हाईटेंशन तार के सहारे खंभे में उतरे करंट के कारण हुआ है। ग्राम कपूरपुर निवासी मुंशी सिंह वे अपने मवेशियों को लेकर जा रहे थे। इसी दौरान सीमेंटेड खंभे में दो भैस ने स्पर्श कर लिया। खंभों में करण्ट आ रहा था, जिसकी चपेट में आकर दोनों की मौके पर ही मौत हो गई।

### एसओजी ने फरार बंदी को किया गिरफ्तार

सीतापुर। पेशी से फरार बंदी को पुलिस ने देर शाम गिरफ्तार किया। कोतवाली नगर क्षेत्र का मछली मण्डी निवासी रोहित मारुति पेशी पर आने के बाद पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया था। जिसको लेकर कोतवाली में पुलिस ने केस दर्ज करते हुए तलाश शुरू की थी। उधर, एसपी अंकुर अग्रवाल ने गिरफ्तारी को लेकर चार टीमें गठित की थीं। एएसपी विनायक गोपाल भोसले ने बताया कि पुलिस टीम ने रोहित मारुति को गिरफ्तार कर लिया है।

### न्यायिक अधिकारियों व स्वयंसेवकों को मेगा शिविर की तैयारी तेज

सीतापुर। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव विजय भान ने बुधवार को पीएलवी और न्यायिक अधिकारियों के साथ बैठक कर आगामी आयोजनों की रूपरेखा तैयार की। बैठक में 22 फरवरी को आयोजित होने वाले मेगा शिविर और चौदह मार्च की राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर रणनीति बनाई गई। सचिव ने स्वयंसेवकों को गांव-गांव जाकर मिनी शिविर लगाने और लोगों को जागरूक करने का आदेश दिया। वहीं, जिला जज के विश्राम कक्ष में आयोजित बैठक में 'मध्यस्थता अभियान 2.0' के तहत विवादों को आपसी समझौते से निपटाने पर जोर दिया गया। प्रशासन को मेगा शिविर की तैयारियां 15 फरवरी तक पूरी करने की समय सीमा दी गई है।

### बेटी शगुन योजना का सत्यापन

लहरपुर। फास्ट रिलीफ चैरिटेबल टीम के तत्वावधान में संचालित 'बेटी विवाह शगुन योजना' के अंतर्गत प्राप्त आवेदन का विकासखंड के ग्राम किशनपुर निवासी संतोष कुमार के घर पहुंच कर स्थलीय एवं भौतिक सत्यापन किया गया। संस्था के जिला अध्यक्ष अविनाश वर्मा के नेतृत्व में जिला टीम ने आवेदक परिवार से भेंट कर बिटिया की शादी की शुभकामनाएं दीं तथा पात्रता मानकों की जांच की। इस अवसर पर अविनाश कुमार वर्मा, चंपक लाल, सुभाष चन्द्रा, सरोज सिंह, राजेश मौर्य आदि थे।

### ससुराल लौट रही विवाहिता लापता

लहरपुर। कोतवाली क्षेत्र लहरपुर के ग्राम गेरुही निवासी एक विवाहिता अपने दो मासूम बच्चों के साथ संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई है। पीड़ित पति ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बरामदगी की गुहार लगाई है। ग्राम गेरुही, मजरा महमूदपुर निवासी सुरेश के मुताबिक, उसकी पत्नी ममता (26) बीते शनिवार को अपने दो बच्चों - सोनम (4) और लोकेश (2) के साथ मायके ग्राम नसीरपुर, गाजीपुर से ससुराल के लिए निकली थी। अपराध निरीक्षक साबिर अली ने बताया कि पीड़ित की तहरीर प्राप्त हुई है, जांच की जा रही है।

### जनप्रतिनिधि के बोल पर भड़का फाउंडेशन

सीतापुर। एक जनप्रतिनिधि के सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो को लेकर आत्मनिर्भर दिव्यांग एकता फाउंडेशन ने आपत्ति जताई है। फाउंडेशन के सचिव/ प्रबंधक बिंदु मौर्य का आरोप है कि जनप्रतिनिधि ने अपने भाषण के दौरान कांग्रेस सांसद पर हमला बोलने के चक्कर में दिव्यांगों के लिए बेहद अपमानजनक शब्दों का प्रयोग किया। सचिव बिंदु मौर्य ने कहा कि एक ओर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शारीरिक रूप से अक्षम लोगों को दिव्यांग जैसा सम्मानजनक संबोधन दिया है, वहीं जन प्रतिनिधि की टिप्पणी अपमानजनक है।

### स्वच्छ घर के लिए वार्डों में मचेगी होड़

महोली। नगर पंचायत महोली में स्वच्छ भारत मिशन के तहत 'स्वच्छ वार्ड प्रतियोगिता' का आयोजन किया जा रहा है। अधिशासी अधिकारी के निर्देशन में शुरू होने वाली इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य कस्बे को कूड़ा मुक्त बनाना और नागरिकों को जागरूक करना है। नगर के सभी सत्रह वार्डों में से प्रत्येक वार्ड से पंद्रह बेहतरीन घरों का चयन किया जाएगा। घरों को 'स्मार्ट परिवार' एवं 'स्वच्छ घर' के खिताब से नवाजा जाएगा। केवल उन्हीं घरों को चुना जाएगा जो सूखा और गीला कूड़ा अलग-अलग डस्टबिन में रखते हैं और प्रतिदिन कूड़ा गाड़ी को ही कचरा देते हैं।

# डीएम की सख्ती : एएनएम सहित पांच का कटा वेतन

## औचक निरीक्षण : जिलाधिकारी ने परसेण्डी ब्लॉक स्थित गुरईपुर स्वास्थ्य उपकेंद्र और हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर का किया निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी की सख्ती के बावजूद सेहत महकमे के जिम्मेदार सुधरने को तैयार नहीं है। रोजाना औचक निरीक्षण और कार्रवाई के बावजूद स्थित जस की तस है। ऐसे में डीएम ने परसेण्डी ब्लॉक क्षेत्र स्थित स्वास्थ्य उपकेंद्र और हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर का निरीक्षण करते हुए एएनएम सहित पांच लोगों के वेतन काटने के आदेश जारी किये।

जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर. अचानक गुरईपुर स्वास्थ्य उपकेंद्र परसेण्डी पहुंचे। यहां एएनएम अनुपमा अनुपस्थित मिलीं। इनकी स्वास्थ्य किट का निरीक्षण किया तो उसमे भी लापरवाही दिखी। ऐसे में पांच प्रतिशत 15 दिन का वेतन काटने के आदेश दिए। मरीजों से फीडबैक लिया तो तमाम सी कलई खुल ही गईं। फिर क्या था, डीएम ने सख्ती बरतते हुए सीएचओ अर्चना का 15 दिन का वेतन काटा। आशा बबली और आंगनबाड़ी कार्यकत्री राजलली समय से उपस्थित नहीं थी। ऐसे में इन पर नाराजगी जताई, फोन से बातचीत करते हुए सीडीपीओ और आशा दीदी को कड़ी फटकार लगाई गई। संबंधित को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। इस दौरान सीएमओ डॉ. सुरेश कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।



परसेण्डी स्वास्थ्य उपकेंद्र में स्वास्थ्य किट चेक करते जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर.।

### एक जनपद एक उत्पाद पर डीएम का फोकस

डीएम ने कलेक्ट्रेट सभागार में एक जनपद के उत्पाद योजना पर फोकस किया। कहा कि दरी उत्पाद से जुड़े लोगों को प्रोत्साहित किया जाए, क्योंकि ये योजना मुख्यमंत्री के ड्रीम प्रोजेक्ट का हिस्सा है। ये सरकार को बड़ा राजस्व भी देती है। सभी खण्ड विकास अधिकारियों को सभी अभिलेख दुरुस्त करने के स्पष्ट निर्देश दिए गए। पंचायत सचिवालयों के निर्माण कार्य को भी प्राथमिकता देने के लिए कहा गया। इस अवसर पर सीडीओ प्रणता ऐश्वर्या सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### आपत्ति दर्ज कराने की अंतिम तिथि 6 फरवरी

एडीएम नीतीश कुमार सिंह ने बताया है कि एसआईआर को लेकर आपत्ति दर्ज कराने की अंतिम तिथि छह फरवरी है। इससे पहले फार्म छह घोषणा पत्र के साथ भरकर जमा करें। निर्वाचक नामावली में किसी भी प्रविष्टि में संशोधन करने का ये अंतिम मौका है। इसको लेकर टेलीफोन नम्बर-05862-242333 अथवा 9454418071 अथवा टोल फ्री नंबर-1950 पर सम्पर्क स्थापित किया जा सकता है।

### लापता किशोर का पेड़ से लटका मिला शव

**संवाददाता, सदरपुर।** सदरपुर थाना क्षेत्र के देवरिया खुर्द गांव से लापता हुए बारह वर्षीय बालक चाहत का शव बुधवार सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में पेड़ से लटका मिला। टेढ़ीपुरवा गांव के पास गन्ने के खेत में शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। मृतक के पिता हरिशंकर भार्गव ने बताया कि चाहत मंगलवार शाम चार बजे से लापता था। बुधवार सुबह ग्रामीणों ने केवानी नदी किनारे अबरार के खेत में किशोर का शव फांसी के फंदे पर झूलता देखा। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना प्रभारी के अनुसार, मामला प्रथम दृष्टया आत्महत्या का लग रहा है।

## कनेक्शन न बिल फिर भी जली स्ट्रीट लाइट

संवाददाता, महोली/ नेरी।

**अमृत विचार:** विधायक और विधान परिषद सदस्य के मद से जो स्ट्रीट लाइटें लगीं वो आमजन के लिए तो राहत बनीं लेकिन विद्युत विभाग के लिए हर माह लाखों रुपये का राजस्व चपत लगा रही हैं। ये स्थितियां अकेले महोली तहसील क्षेत्र की नहीं है, बल्कि हालात जनपद के सभी क्षेत्रों के हैं।

महोली तहसील क्षेत्र के नेरी गांव में पुराने ठाकुर द्वार के निकट, मंदिर के नजदीक सहित चार स्थानों पर विधायक निधि और एमएलसी निधि से स्ट्रीट लाइटें लगाई गईं। यहीं स्थिति महतनियां, बाजनगर, दुबावां सहित अन्य गांव की है। नेरी प्रधान नूर हसन शाह का कहना है कि विधायक निधि और एमएलसी निधि से दी गई स्ट्रीट लाइट ग्रामीणों को राहत दे रही हैं। विद्युत विभाग के लोग इसे लगाकर गए थे। ग्रामीण पप्पू, रामू आदि का कहना है कि स्ट्रीट लाइट लगी हैं लेकिन मीटर न होने के कारण बिलिंग नहीं हो पा रही। वहीं ग्रामीण संजय का कहना है कि अगर किसी के घर में विद्युत तार उलझ जाए अथवा कट जाए तो गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज हो जाता है लेकिन स्ट्रीट लाइटों के बिजली दोहन के बाद भी बिलिंग नहीं होना विभागीय कार्रवाई पर सवाल खड़े कर रहा है।

**अजब-गजब**

- वैद्य कनेक्शन के न होने से विद्युत विभाग को हो रही है राजस्व की क्षति



नेरी गांव में पोल पर लगी स्ट्रीट लाइट।

> बिना कनेक्शन कोई भी स्ट्रीट लाइटें नहीं लगती हैं। फिर जहां बिना कनेक्शन लाईटें लगाई है, उन्हें दिखवाया जाएगा, विभागीय प्रक्रिया के तहत बिलिंग भी कराई जाएगी, ताकि राजस्व क्षति न हो। -ललित कृष्ण, अधीक्षण अभियंता, विद्युत विभाग, सीतापुर

### रास्ते के विवाद में युवक घायल, चार पर केस

**सांडा।** रेउसा थाना क्षेत्र के खरहरा गांव में रविवार को रास्ते के विवाद को सुलझाने के लिए बुलाई गई पंचायत अखाड़े में तब्दील हो गई। विवाद के दौरान दबंगों ने दूसरे पक्ष पर हमला कर दिया, जिसमें एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। ग्रामीणों के अनुसार मामला यह था कि गांव निवासी राम मूर्ति भार्गव और श्रीराम लोधी के बीच रास्ते को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था। इसी मामले के निस्तारण के लिए पंचायत बुलाई गई थी। बातचीत के दौरान कहासुनी बढ़ गई और देखते ही देखते लाठी-डंडे चल गए। हमले में राम मूर्ति भार्गव को गंभीर चोटें आईं। जिसके बाद पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने दो दिन बाद आरोपी कन्हैया लोधी, सुशील लोधी, श्रीराम लोधी और शिव बिहारी लोधी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस को सफल बनाने के लिए कार्यशाला आयोजित

संवाददाता, लहरपुर।



कार्यक्रम के दौरान उपस्थित खण्ड शिक्षा अधिकारी व अन्य। अमृत विचार

**अमृत विचार :** स्थानीय ब्लॉक संसाधन केंद्र पर बुधवार को आगामी दस फरवरी को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस की तैयारी हेतु एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता खंड शिक्षा अधिकारी सुरेंद्रनाथ प्रजापति ने की। बताया कि शत-प्रतिशत बच्चों को दवा मिलेगी।

कार्यशाला में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सक डॉ. सैय्यद राशिद अली और डॉ. खुशनूद आलम ने बताया कि एक से उन्नीस वर्ष तक के सभी बच्चों को 'एल्बेंडाजोल' की टैबलेट खिलाई जानी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जो बच्चे दस फरवरी को दवा खाने से छूट जाएंगे, उन्हें तेरह फरवरी को 'मॉप-अप राउंड' के तहत खुराक दी जाएगी। बीईओ सुरेंद्रनाथ प्रजापति ने शिक्षकों को निर्देशित किया कि वे स्वास्थ्य संबंधी अभिलेखों को अपडेट रखें और पूरी निष्ठा के साथ इस अभियान को सफल बनाएं। चिकित्सकों ने दवा के महत्व और सावधानियों पर भी विस्तार से प्रकाश डाला। इस अवसर पर एआरपी ऋषिकेश बाजपेई, स्टाफ नर्स अंजलि वर्मा, रूबी वर्मा, अनवर अली, सरोज वर्मा, और लेखाकार पंकज वर्मा सहित भारी संख्या में शिक्षक व स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे।

### लूटकांड : सीसीटीवी फुटेज के सहारे मिले अहम सुराग

**संवाददाता, सीतापुर।** सकरन थाना क्षेत्र में बीते दिनों सर्राफा व्यापारी मोनू रस्तोगी से हुई दो लाख की लूट के मामले में पुलिस सफलता के करीब पहुंच गई है। इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस की मदद से पुलिस ने वारदात में इस्तेमाल बाइक की शिनाख्त कर ली है। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी के निर्देश पर आठ टीमें गठित की गई हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार, कुख्यात कोहिनूर गैंग के सक्रिय सदस्यों पर विशेष नजर रखी जा रही है। संदेह के आधार पर कई पुराने अपराधियों को हिरासत में लेकर पूछताछ जारी है। दरअसल, बीते दिनों पटना निवासी व्यापारी मोनू रस्तोगी शाम को दुकान बढ़ाकर घर लौट रहे थे, तभी बाइक सवार दो बदमाशों ने जेवरातों से भरा बैग छीन लिया था। वहीं, बिसवां के सीओ अमन सिंह ने बताया कि लूट के खुलासे के लिए टीमें लगातार दबिश दे रही हैं। अहम सुराग मिल चुके हैं, जल्द ही बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## लहरपुर में सामाजिक समरसता यात्रा का किया गया भव्य स्वागत

संवाददाता, लहरपुर।

**अमृत विचार :** विश्व हिंदू परिषद के तत्वावधान में निकाली जा रही 'सामाजिक समरसता यात्रा' के बुधवार को लहरपुर पहुंचने पर हिंदू समाज द्वारा स्वागत किया गया। विकास नगर स्थित विहिप नगर अध्यक्ष महेंद्र मिश्रा के कार्यालय पर आयोजित सभा में भारी संख्या में श्रद्धालु उमड़े।

यात्रा के प्रांत प्रमुख धर्मेंद्र सिंह ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य हिंदुओं को संगठित करना और समाज से जाति-पाति व ऊंच-नीच जैसी कुरीतियों को समाप्त करना है। इस अवसर पर भक्तों ने रथ में विराजमान भगवान राम दरबार की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की, जिसके पश्चात प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम में जिला संगठन मंत्री अरविंद, नगर मंत्री राज शुक्ला, महेंद्र मिश्रा, विनोद बाजपेई, श्रीधर पांडे, प्रेमदास, रामनरेश और संतोष भारती सहित बड़ी संख्या में नागरिक व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।





सामाजिक समरसता यात्रा के दौरान उपस्थित साधु-संत।

### दस वांछित व वारंटी गिरफ्तार रामकोट से दबोचे शातिर चोर

**सीतापुर / रामकोट।** जनपद में अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान में पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देशानुसार विभिन्न थाना क्षेत्रों से कुल दस वांछितों व वारंटियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। थाना रामकोट पुलिस ने वांछित सुनील पुत्र रामऔतार निवासी शाहरपुर को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी के पास से चोरी के साढ़े चार हजार रुपये नगद बरामद किए हैं। सुनील पर पहले से भी चोरी और आबकारी अधिनियम के कई मामले दर्ज हैं। मानपुर में चार वारंटी अनिल, सरयू, रामासरेय व सुनील को गिरफ्तार किया गया। थानगांव में अमेरिका और टेके उर्फ रामबरन पकड़े गए। साथ ही मछरेहटा, संदना व महोली में प्रत्येक थाने से एक एक वारंटी को गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई की गई।



विजेता टीम को स्मृति चिह्न और ट्राफी देते अतिथि। अमृत विचार

### जूनियर नॉक आउट टूर्नामेंट का भव्य आगाज

**संवाददाता, कमलापुर/सीतापुर। अमृत विचार :** मछरेहटा रोड स्थित शाह जलालपुर में जूनियर नॉक आउट टूर्नामेंट का शानदार उद्घाटन हुआ। मुख्य अतिथि 'निर्धन परिवार कल्याण सेवा संस्थान' के प्रबंधक अभिषेक सिंह ने शॉट खेलकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए अभिषेक ने कहा कि खेल न केवल युवाओं को अनुशासन सिखाते हैं, बल्कि उन्हें एक उज्ज्वल भविष्य के लिए सही दिशा भी प्रदान करते हैं। विजेता टीम को 5100 तथा उप-विजेता टीम को 2100 की नकद राशि प्रदान की जाएगी। इस मौके पर आयोजक शिवेंद्र प्रताप सिंह 'वैभव', अक्षय यादव, शम्भुल शुक्ला, अंशुमान सिंह और आदित्य यादव समेत बड़ी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद रहे।

## रात के अंधेरे में कटे सात सरकारी पेड़, जांच जारी

संवाददाता, रामपुर मथुरा,

**अमृत विचार :** सरकारी पेड़ों की अवैध कटान पर जिम्मेदार अंकुश नहीं लगा पा रहे हैं। शातिर लगातार हरियाली पर आरा चला रहे हैं। इससे पर्यावरण को नुकसान पहुंच रहा है। शातिरों ने रात के अंधेरे में सात कीमती पेड़ काटे और सबूत मिटाने के लिए जेसीबी से गड्ढे भर दिए गए। वन विभाग जांच की बात कह रहा है।

रामपुर मथुरा थाना क्षेत्र की चौकी चांदपुर अंतर्गत कटरा गांव के पास सड़क किनारे खड़े सरकारी पेड़ों की अवैध कटान हुआ। ग्रामीणों के मुताबिक, रात के अंधेरे में शातिरों ने भिलोर और सिरसा प्रजाति के कुल सात सरकारी पेड़ों को काट दिया। कटान के बाद लकड़ी को ट्राले में भरकर मौके से हटा दिया गया। आरोप है कि अवैध कटान को छिपाने के लिए जेसीबी मशीन से पेड़ों के ठूंठों को मिट्टी में दबा दिया गया, ताकि मौके पर कोई सबूत न बचे। ग्रामीणों ने कई इलाका वासियों को इस कृत्य में शामिल होने का आरोप लगाया है। डीएफओ नवीन खंडेलवाल का कहना है कि जांच की जा रही है, निष्कर्षों के आधार पर कार्रवाई की जायेगी।



रात के अंधेरे में पेड़ उखाड़ती जेसीबी।

## अंधविश्वास के विरुद्ध विज्ञान की धमक विद्यार्थियों ने जाने चमत्कारों का रहस्य

संवाददाता, सीतापुर।

**अमृत विचार :** विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के तत्वाधान में जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर के निर्देशन में सरस्वती विद्या मंदिर, महोली में 'अंधविश्वास के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम' का आयोजन किया गया। जिला विज्ञान क्लब द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने चमत्कारों के पीछे के विज्ञान को उजागर कर ढोंगियों की पोल खोली।

मेरठ से आईं विज्ञान संचारक अंजलि ढाका ने पानी से दीपक जलाना, मुंह में जलता कपूर रखना, सिर पर कपड़ा जलाकर चाय बनाना और नारियल से धुआं निकालने जैसे हैरतअंगेज प्रदर्शन किए। बाद में उन्होंने इन गतिविधियों के पीछे छिपी वैज्ञानिक प्रक्रियाओं को समझाकर विद्यार्थियों को दंग कर दिया। मुख्य अतिथि विजय भान सचिव, विधिक सेवा प्राधिकरण ने कहा कि वैज्ञानिक आधार जानकर ही हम ठगी से बच सकते हैं। उप जिलाधिकारी महोली देवेंद्र कुमार मिश्र ने छात्रों से इन जानकारियों को समाज में प्रसारित करने का आह्वान किया। जिला समन्वयक डॉ. योगेश चंद्र दीक्षित ने बताया कि इच्छाशक्ति की कमी के कारण लोग जादू-टोने के जाल में फंसते हैं।



रासायनिक विधियों से आग जलाता छात्र।





प्रतियोगिता में पुरस्कृत किए गए छात्र-छात्राएं व मौजूद अतिथि। अमृत विचार

### नन्हे सितारों ने बिखेरी प्रतिभा की चमक

**संवाददाता, बिसवां। अमृत विचार :** एल्पिस ग्लोबल स्कूल के त्रिदिवसीय वार्षिकोत्सव के प्रथम दिन पीजी से कक्षा दो तक के नौनिहालों ने अपनी प्रतिभा से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सुप्रसिद्ध नेत्र चिकित्सक डॉ. रेखा गोयल, डायरेक्टर उमंग राजवंशी, मुदित सिंघल और अनुज सिंघल ने दीप प्रज्वलित कर किया। नन्हे बच्चों के अविस्मरणीय मंच संचालन और रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने उपस्थित सभी लोगों का मन मोह लिया। इस अवसर पर वर्ष भर शत-प्रतिशत उपस्थिति और उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए अलीशा खान, माधव वैश्य, राज्वी, हम्माद रफी, अलीजा, अयात, तास्फा, त्रिशान, शौर्य, आर्वी, लक्षित, सम्भव, अमरजीत, आयुष, दिव्यांश, ओम मिश्र, अर्श, स्पष्ट, अथर्व, अव्यांश, कृतांश, याहया, अभिनंदन, अर्णव, इनाया और रिदा को पुरस्कृत किया गया। शैक्षिक और व्यावहारिक क्षेत्र में बेहतर योगदान के लिए शिक्षिका नीलम श्रीवास्तव, जूली पाण्डेय, रोली, अंशिका, नीती जैन और रूबी को सम्मानित किया गया।

### लापता युवक का मिला कंकाल

**संवाददाता, मिश्रिख। अमृत विचार :** मिश्रिख कोतवाली इलाके के फुलरूआ गांव में 15 दिनों से लापता युवक का कंकाल खेत में मिला। मिश्रिख कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कंकाल को सुरक्षित करते हुए उसे पोस्टमार्टम हाउस भिजवाया। बता दें कि मिश्रिख कोतवाली क्षेत्र का फुलरुआ निवासी 32 वर्षीय श्याम किशोर उर्फ श्यामू कौशल पुत्र कौशल किशोर घर से निकलकर लापता हो गया। इसी के बाद उसकी गुमशुदगी थाने पर दर्ज की गई।

### सुबह धुंध की चादर, दिन में चली ठंडी हवाएं

**कार्यालय संवाददाता, सीतापुर, अमृत विचार :** मौसम लगातार बदल रहा है। शहर और आसपास इलाके में सुबह घना कोहरा छाया नजर आया, दृश्यता घटकर महज 10 मीटर रह गई। ठंडी हवाओं के चलते न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया, मौसम वैज्ञानिक एके सिंह का मानना है कि स्थिति में सुधार होने के संकेत मिल रहे हैं, हल्की बारिश भी हो सकती है। उधर, सुबह छाए धुंध के बीच सड़कों पर वाहन रेंगते नजर आए, चालकों को दिन बढ़ने पर भी हेडलाइट का सहारा लेना पड़ा। जिला अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. इन्द्र सिंह का कहना है कि खासकर बदलते मौसम के बीच सुबह-शाम निकलने से बचें, बच्चों को भी ठंड से बचने की जरूरत है। उधर, यातायात प्रभारी निरीक्षक फरीद अहमद ने धीमी गति से चलने की अपील की है।

## महिला के आंसू पोछे, दी खुशियों की सौगात

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर।

**अमृत विचार:** पहले गोदभराई रस्में पूरी कीं, फिर दुधमुंहे को गोंद में लेकर अन्नप्राशन कराया। राज्य महिला आयोग सदस्य महिला के आंसू पोछते हुए उसे कंबल देकर आर्थिक मदद की सौगात देना भी नहीं भूलीं। ब्लॉक परसेण्डी स्थित गांव चौपाल में कई समस्याओं के निस्तारण भी किए गए।

दरअसल, राज्य महिला आयोग सदस्य सुजीता कुमारी अपने एक दिन के भ्रमण पर थीं। प्रातः काल वे परसेण्डी ब्लॉक स्थित जन जागरूकता चौपाल कार्यक्रम में सम्मिलत हुईं। सबसे पहले उन्होंने उपस्थित महिलाओं का हाल जाना। दो युवतियों को शासन की योजना का लाभ निर्गत कराते हुए विवाह योजना अनुदान के तहत गोद भराई की रस्म पूरी कराई, फिर दुधमुंहों का अन्नप्राशन किया। प्राप्त 19 शिकायतों में कई का मौके पर निस्तारण भी कराया गया। इस दौरान जिला प्रोबेशन अधिकारी प्रिया पटेल सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

**सीएचसी परसेण्डी और यूनानी चिकित्सालय का निरीक्षण :** सुजीता कुमारी ने सीएचसी परसेंडी और राजकीय यूनानी चिकित्सालय का निरीक्षण किया, बाद में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय का निरीक्षण कर दिशा-निर्देश दिए।



महिला को कंबल देतीं राज्य महिला आयोग सदस्य सुजीता कुमारी।

- राज्य महिला आयोग की सदस्य ने गांव में चौपाल लगाकर शिकायतों का कराया निस्तारण

### सीएम करेंगे गुरु गोरक्षनाथ प्रतिमा का अनावरण

**सीतापुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नौ फरवरी को प्रस्तावित सीतापुर दौरे को लेकर प्रशासनिक हलचल तेज हो गई हैं। मुख्यमंत्री शहर के शास्त्री नगर में महंत योगी तेज नाथ जी महाराज द्वारा स्थापित गुरु गोरक्षनाथ की भव्य प्रतिमा का अनावरण करेंगे। अपर पुलिस अधीक्षक (उत्तरी) आलोक सिंह और सीओ सिटी विनायक भोसले सहित वरिष्ठ अधिकारियों ने कार्यक्रम स्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। पुलिस बल ने हेलीपैड से लेकर कार्यक्रम स्थल तक के रूट और सुरक्षा घेरे का जायजा लिया। आवागमन सुचारू रखने के लिए रूट डायवर्जन और पार्किंग की योजना तैयार। कार्यक्रम स्थल और आसपास के क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती होगी। प्रशासन ने आयोजन स्थल पर बैरिकेडिंग और मेडिकल इमरजेंसी सुविधाओं की भी समीक्षा की।



जनसुनवाई करते विधायक अनिल वर्मा। अमृत विचार

### विधायक ने जनता दरबार में सुनीं जनसमस्याएं

**संवाददाता, लहरपुर। अमृत विचार :** तहसील मार्ग स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय पर विधायक अनिल वर्मा ने जनता दरबार लगाकर क्षेत्र के लोगों की समस्याएं सुनीं। दरबार में मुख्य रूप से मतदाता सूची में नाम न होने, परिवार रजिस्टर की नकल न मिलने और राजस्व विभाग से संबंधित शिकायतें छाई रहीं। ग्रामीणों की शिकायतें सुनने के बाद विधायक ने आश्वासन दिया कि वे इन समस्याओं के निस्तारण के लिए उपजिलाधिकारी से भेंट करेंगे। जिसमे ग्राम मीतमऊ के लल्लन ने खेतों की पैमाइश की मांग की। बहादुरपुर के रामशंकर और मिथौरा के अरशद खान सहित कई ग्रामीणों ने मतदाता सूची में नाम न होने की शिकायत दर्ज कराई। विकासखंड और नगर पालिका से परिवार रजिस्टर की नकल न मिलने की समस्या भी प्रमुखता से उठी। इस अवसर पर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष राम लखन यादव, हसन जामिन, जाबिर खान, कौशलेंद्र सिंह, भागीरथ मौर्य और संतोष वर्मा सहित भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### अवैध शस्त्र का प्रदर्शन किया, फोटो वायरल

**जगतपुर :** अवैध शस्त्र के साथ एक युवक का फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वायरल फोटो जगतपुर थाना क्षेत्र के एक गांव का बताया जा रहा है। जिसके आधार पर जगतपुर पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है। इस बाबत थाना प्रभारी पंकज त्यागी ने बताया कि अवैध शस्त्र के साथ फोटो वायरल होने की जानकारी मिली है। युवक की तलाश की जा रही है।

### ई-रिक्शा चालक से लूट, दी तहरीर

**जगतपुर :** थाना क्षेत्र के पिछ्वारा निवासी अमित कुमार पुत्र राम लखन अपने ई रिक्शा से बुकिंग की सवारियां लेकर सिंघापुर भटौली गांव गया था। वापस लौटते समय बाग के पास चार लोगों ने अंधेरे का फायदा उठाकर ई रिक्शा चालक से 12 हजार नगद, मोबाइल फोन व ऑटो रिक्शा लूट लिया। सूचना पर पहुंची डायल 112 पुलिस ने थोड़ी ही देर में पास के एक बाग से ई रिक्शा बरामद कर पीड़ित को सौंप दिया। थाना प्रभारी पंकज त्यागी ने बताया कि तहरीर मिली है। आरोपियों की तलाश की जा रही है।

### दो पक्षों में खूनी संघर्ष चार लोग घायल

**बछरावां :** थाना क्षेत्र के अंतर्गत रैन मजरे राजामऊ गांव निवासी अयूब खान पुत्र आदिल खान (55), खुशबू खान पत्नी अब्दुल कयूम (26), राबिया बानो पत्नी अयूब खान (50) की पड़ोसी मोहम्मद शमीम पुत्र मन्नू के साथ मामूली विवाद को लेकर मारपीट हो गई। जिसमें उक्त चारों लोग घायल हो गए। जिन्हें सूचना पर पहुंची एंबुलेंस के द्वारा उनके परिजनों ने इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां पहुंचाया, जहां से चारों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। इस बाबत थाना प्रभारी श्याम कुमार पाल ने बताया कि घटना की जानकारी प्राप्त हुई है, तहरीर मिलने पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## जमीन खरीद-फरोख्त में फर्जीवाड़ा, हुई कार्रवाई

**ऊंचाहार, रायबरेली, अमृत विचार।** दलित से जमीन की खरीद फरोख्त में बड़ा फर्जीवाड़ा सामने आया है। जिलाधिकारी के अनुमति के बिना न सिर्फ दलित की भूमि की खरीदारी की गई, इस भूमि का नामांतरण भी हो गया। मामले में एसडीएम न्यायालय ने कार्रवाई करते हुए भूमि की खरीद को खारिज करके इस जमीन को राज्य सरकार में निहित किया गया है। कोर्ट के इस आदेश के बाद हड़कंप मचा हुआ है।

मामला क्षेत्र के गांव पट्टी रहस कैथवल का है। गांव की कुछ भूमि क्षेत्र के गांव पूरे प्रताप मजरे मिर्जापुर ऐहारी के नाम थी, जो दलित वर्ग से है। इस भूमि का विक्रय रमाकांत पुत्र रघुनंदन, राजेंद्र कुमार पुत्र रामेश्वर, कैलाश द्विवेदी, अभिषेक द्विवेदी, मालती द्विवेदी, राम अवध और राम विशाल के पक्ष में विक्रय किया गया था। भूमि विक्रय के लिए दलित की जमीन खरीदने के लिए डीएम की अनुमति नहीं ली गई थी। शिकायत हुई तो एसडीएम कोर्ट द्वारा कार्रवाई शुरू की गई। न्यायालय द्वारा जमीन खरीदने वालों से अनुमति पत्र मांगा गया, जो वह प्रस्तुत नहीं कर सके। इस पर एसडीएम न्यायालय ने विक्रय को निरस्त कर आदेश पारित किया है।

## दुकान खाली करने की नोटिस से व्यापारियों में हड़कंप, किया प्रदर्शन

संवाददाता, रायबरेली

**आक्रोश**

- पीडब्ल्यूडी द्वारा सुपर मार्केट की इमारत को जर्जर घोषित करने के बाद नपा ने जारी की नोटिस

**अमृत विचार।** पीडब्ल्यूडी द्वारा सुपर मार्केट की इमारत को जर्जर घोषित करने के बाद व्यापारियों को जीविका की चिंता सताने लगी है। नगर पालिका परिषद द्वारा नोटिस जारी होने के बाद आक्रोशित व्यापारियों ने पैदल मार्च करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रदर्शन किया। साथ ही जिलाधिकारी को उचित कदम उठाने की मांग की है। कहा कि दुकान खाली करने की नोटिस से परिवार का भरण पोषण करना मुश्किल हो जाएगा।

इससे पहले सभी व्यापारी सुपर मार्केट में एकत्र हुए। स्थानीय व्यापारियों ने व्यापारी एकता जिंदाबाद का नारा लगाते हुए नगर पालिका पर मनमानी का आरोप लगाया। व्यापारियों का कहना है कि सुपर मार्केट की वर्षों पुरानी बिल्डिंग को पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा जर्जर घोषित किए जाने के बाद नगर पालिका द्वारा पूरी बिल्डिंग को गिराकर नए स्वरूप में निर्माण करने का



दुकान खाली करने की नोटिस मिलने पर कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन करते व्यापारी।

प्रस्ताव लाने का प्रयास किया जा रहा है। इस प्रस्ताव से सुपर मार्केट में वर्षों से दुकानें चला रहे सैकड़ों दुकानदारों के सामने बेरोजगारी का संकट खड़ा हो गया है। प्रदर्शन कर रहे व्यापारियों का कहना है कि यदि बिल्डिंग क्षतिग्रस्त है तो उसकी मरम्मत कराई जा सकती है, लेकिन पूरी इमारत को गिराना नियम और नीति के विरुद्ध है। व्यापारियों का आरोप है कि नगर पालिका प्रशासन बिना किसी वैकल्पिक व्यवस्था के दुकानदारों को उजाड़ने की तैयारी कर रहा है, जो किसी भी हाल में स्वीकार्य नहीं है।

व्यापारी नेता बसंत सिंह बग्गा, पंकज मुरारका, अतुल गुप्ता, पारूल बाजपेई आदि का कहना है कि व्यापारियों ने मांग की कि जब तक कोई ठोस और सुरक्षित वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की जाती, तब तक सुपर मार्केट की बिल्डिंग को गिराने का प्रस्ताव तत्काल प्रभाव से रोका जाए। यदि ऐसा नहीं होता है तो आंदोलन किया जाएगा।

# जिला प्रभारी ने की एसआईआर प्रगति की समीक्षा

### एसआईआर के तहत विशेष कार्यक्रम में भाजपा नेताओं ने मतदाताओं के फॉर्म-6 भरवाए

बछरावां (रायबरेली)

**अमृत विचार।** बछरावां नगर शक्ति केंद्र पर बुधवार को भारतीय जनता पार्टी द्वारा गहन मतदाता विशेष पुनरीक्षण अभियान (एसआईआर) के तहत विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। भाजपा के जिला प्रभारी पीयूष मिश्रा ने बूथ संख्या 79 और 81 पर अभियान की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने बीएलए-2 एवं बीएलओ के साथ समन्वय करते हुए नए मतदाताओं के फॉर्म-6 भरवाए तथा मतदाता सूची में अधिक से अधिक पात्र नागरिकों का नाम जोड़ने पर विशेष जोर दिया।

कार्यक्रम में बछरावां विधानसभा संयोजक एवं पूर्व जिला महामंत्री भाजपा सरोज गौतम, जिला कार्यसमिति सदस्य एवं पूर्व मंडल अध्यक्ष बछरावा सुनील सागर, मंडल महामंत्री मयंक द्विवेदी, शक्ति केंद्र संयोजक बालकृष्ण पांडे आदि उपस्थित रहे। जिला प्रभारी पीयूष मिश्रा ने कहा मतदाता सूची का शुद्ध और पूर्ण होना लोकतंत्र की मजबूती



भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक में जिला प्रभारी पीयूष मिश्रा, साथ में जिला अध्यक्ष बुद्धीलाल पासी। अमृत विचार

की पहली शर्त है। भारतीय जनता पार्टी का प्रयास है कि कोई भी पात्र नागरिक मतदान के अधिकार से वंचित न रहे। यह अभियान लोकतंत्र को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। विधानसभा प्रभारी सरोज गौतम ने बताया गहन मतदाता विशेष पुनरीक्षण अभियान लोकतंत्र को जमीनी स्तर पर मजबूत करने का महत्वपूर्ण माध्यम है।

**एसआईआर में बरते सतर्कता, मंडलवार सौंपी जिम्मेदारी, रायबरेली:** भाजपा जिला प्रभारी पीयूष मिश्रा ने एसआईआर (विशेष गहन पुनरीक्षण) के कार्य को लेकर कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को मंडल वार प्रवासी की जिम्मेदारी दी गई। कहा कि एसआईआर का उद्देश्य हर पात्र नागरिक को मतदाता सूची में शामिल करना है। कार्यकर्ताओं को निर्देश दिए गए कि वे नए मतदाताओं के नाम जोड़ने के लिए काम करें। जिला अध्यक्ष बुद्धीलाल पासी और जिला प्रवासी विकास सिंह ने कहा कि वह 1 जनवरी 2026 को 18 वर्ष पूर्ण कर लेने वाले और छूटे हुए मतदाताओं के नाम हर हाल में फॉर्म नंबर 6 भरा कर बीएलओ के पास जमा कराये। वही जिन मतदाताओं को नोटिस मिली है। उनकी भी मदद करके नाम मतदाता सूची में सम्मिलित कराए। जिला महामंत्री शरद सिंह, दिनेश त्रिपाठी, देवेंद्र सिंह, जेपी सिंह, सुशील शुक्ला, राम सुमेर लोधी, शिवेंद्र सिंह, सूर्य प्रकाश, जीबी सिंह, कमलेश चौधरी, शिवाकांत शर्मा, वीरेंद्र मिश्रा आदि मौजूद रहे।

### एसडीएम ने बूथों पर सुनीं आपत्तियां, युवा मतदाताओं को किया प्रेरित


मतदाताओं की आपत्तियों को सुनते अधिकारी।

**महराजगंज (रायबरेली) अमृत विचार।** विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय मऊ शर्की के पांच मतदेय बूथों पर उपजिलाधिकारी ने मतदाताओं के दावे व आपत्तियों की सुनवाई की। अभियान के दौरान अनमैपिंग मतदाता सूची से संबंधित नोटिसों पर सुनवाई के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीण बूथ पर पहुंचे। शाम चार बजे तक एसडीएम ने 110 मतदाताओं के दावों और आपत्तियों की सुनवाई की। उन्होंने बीएलओ को निर्देश दिए कि कोई भी पात्र मतदाता सूची में शामिल होने से वंचित न रहे। एसडीएम गौतम सिंह ने बताया 1 जनवरी 2026 को 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले मतदाता प्रारुप 6 भरकर नाम जुड़वा लें। मृतक या पलायन कर चुके मतदाताओं के नाम कटवाने के लिए प्ररुप 7 व नाम/पता संशोधन, स्थानांतरण या दिव्यांग श्रेणी के चिन्हांकन के लिए प्रारुप 8 पर आवेदन करें। प्रधान भेलई मौर्य, लेखपाल शिवराज सिंह, शिक्षक दयाशंकर, बीएलओ दीपक सिंह, रीता त्रिपाठी, संतोष कुमारी, भारती सिंह, मीनाक्षी सिंह आदि उपस्थित रहे।

### कोर्ट के मानदेय बढ़ाने के फैसले पर अनुदेशकों में खुशी की लहर


सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर खुशी जताते अनुदेशक।

**संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार।** अनुदेशकों ने कोर्ट के मानदेय बढ़ाने के फैसले पर खुशी जताई है। साथ ही इसे ऐतिहासिक बताते हुए एक-दूसरे को मिठाई खिलाई है। कहा कि उत्तर प्रदेश के हजारों अंशकालिक अनुदेशकों के लंबे संघर्ष को बड़ी जीत मिली। न्यायालय ने हमारे हक में फैसला सुनाते हुए 17 हजार रुपये प्रति माह मानदेय निर्धारित कर दिया। इससे पहले फैसले की सूचना मिलते ही अनुदेशकों में खुशी की लहर दौड़ गई। जिला अध्यक्ष नवीन वर्मा के नेतृत्व में अनुदेशकों ने बीएसए कार्यालय पर एकत्र होकर उच्चतम न्यायालय के प्रति आभार व्यक्त किया। कहा कि जस्टिस पंकज मित्तल और जस्टिस एसवीएन भाटी की खंडपीठ ने इस महत्वपूर्ण मामले पर सुनवाई करते हुए अनुदेशकों के मानदेय पुनरीक्षण के अधिकार को जायज ठहराया। यह हम सभी के लिए खुशी का पल है। महासचिव अनुराग चौधरी, रंजीत यादव, अतुल यादव ने कहा कि काफी अरसे से चल रही हमारी लड़ाई आखिरकार सच की जीत हो गई। इस मौके पर अवनीश यादव, नितिन मिश्रा, अनुपमा, अशोक यादव, भाविका, अमित सिंह और अमित तिवारी आदि उपस्थित रहे। राजस्थान में पीटीआई शिक्षक के रूप में कार्यरत पूर्व जिला अध्यक्ष विवेक सिंह ने भी इस जीत पर हर्ष व्यक्त किया है।

### प्रभारी निरीक्षक ने सब इंस्पेक्टर और हेड कांस्टेबल को मेडल पहनाकर किया सम्मानित

**डीह (रायबरेली)।** प्रयागराज में हुए महाकुंभ में उत्कृष्ट योगदान करने वाले सब इंस्पेक्टर और महिला हेड कांस्टेबल को शासन द्वारा भेजे गये मेडल को प्रभारी निरीक्षक ने पहनाकर सम्मानित किया। मेडल पाकर हेड कांस्टेबल व सब इंस्पेक्टर ने खुशी जताई। डीह थाने में तैनात सब इंस्पेक्टर बृजेन्द्र सिंह व महिला हेड कांस्टेबल चेतना शुक्ला की वर्ष 2025 में प्रयागराज में हुए महाकुंभ में उत्कृष्ट योगदान किया था, जिसको शासन ने संज्ञान लेकर मेडल भेजा था। बुधवार को प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र मोहन सरोज ने हेड कांस्टेबल चेतना शुक्ला व सब इंस्पेक्टर बृजेन्द्र सिंह को वर्दी पर मेडल लगाकर सम्मानित किया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि शासन द्वारा मेडल आया था, जिसको सब इंस्पेक्टर व हेड कांस्टेबल को पहनाकर सम्मानित किया गया। मौके पर वरिष्ठ उप निरीक्षक मानसिंह, महेश यादव आदि मौजूद रहे।


मेडल पहनाकर सम्मानित करते प्रभारी निरीक्षक।

### 30 बेड के चंदापुर सीएचसी में ओपीडी शुरू

**महराजगंज (रायबरेली) अमृत विचार।** क्षेत्र के चंदापुर और आसपास के दर्जनों गांवों के निवासियों के लिए राहत भरी खबर है। चंदापुर में नवनिर्मित 30 बेड वाले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बुधवार से ओपीडी सेवाओं का औपचारिक शुभारंभ हो गया है। महराजगंज सीएचसी अधीक्षक डॉ. गणनायक पाण्डेय ने विधि-विधान से हवन-पूजन कर स्वास्थ्य सेवाओं की शुरुआत की। अस्पताल खुलने के पहले दिन चंदापुर के बृजलाल उपचार कराने वाले पहले मरीज बने। उद्घाटन के दिन कुल 30 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें दवाएं वितरित की गई। चंदापुर में लंबे समय से साप्ताहिक बाजार लगती है, जहां दो दर्जन से अधिक गांवों के लोग आते हैं। अस्पताल शुरू होने पर स्थानीय नागरिक सुरेंद्र शर्मा, अशोक सिंह और उपेंद्र ने खुशी जताते हुए कहा कि अब उन्हें छोटे-मोटे इलाज के लिए महराजगंज भागना नहीं पड़ेगा। इससे न केवल समय बचेगा बल्कि आपातकालीन स्थिति में मरीजों को तुरंत राहत मिल सकेगी। सीएचसी अधीक्षक डॉ. गणनायक पांडेय ने बताया कि सीएमओ डॉ. नवीन चंद्रा के निर्देशों के क्रम में सेवाएं बहाल की गई हैं। फार्मासिस्ट हरिश्चंद्र तिवारी, वार्ड ब्वॉय सुमित कुमार और चौकीदार राम सुमिरन की परमानेंट ड्यूटी लगाई गई है। जब तक नए डॉक्टरों की नियुक्ति नहीं हो जाती, तब तक महराजगंज सीएचसी के डॉक्टर रोटेशन के आधार पर सेवाएं देंगे। जिसके लिए डॉ. पीयूष, डॉ. संजय राय और डॉ. कुशा मलिक को सप्ताह में एक-एक दिन ओपीडी चलाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है।


मरीजों का उपचार करते चिकित्सक।

### विदाई समारोह का आयोजन

**सलोन (रायबरेली)।** बुधवार को डायल 112 के उपनिरीक्षक का विदाई समारोह आयोजन किया गया। जिसमें उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस राम कुमार के सेवानिवृत्त होने पर उन्हें विदाई दी गई। तहसील रोड स्थित बाबा माधव दास मंदिर में मुख्य अतिथि बाबा हरिद्वारी दास ने उपनिरीक्षक राम कुमार को पवित्र गीता ग्रन्थ भेंट किया। उनकी कार्यशैली से सलोन थाने में तैनात पुलिस कर्मियों को भी प्रेरणा लेनी चाहिए। इस मौके पर उपनिरीक्षक संतोष कुमार सिंह, आरक्षी आरके यादव, राम सिंह, महिला सिपाही पूजा, शिवानी, रेनू, रश्मि नीलम आदि लोग मौजूद रहे।


विदाई समारोह में मौजूद लोग।

### रील बनाने के चक्कर ने खड़े ट्रक से टकराए बाइक सवार की गई जान, साथी गंभीर

**अटौरा (रायबरेली) अमृत विचार।** बाइक सवार युवक मोबाइल पर रील बनाते-बनाते सड़क किनारे खड़े ट्रक के पीछे घुस गए। इसमें बाइक सवार युवक और पीछे बैठा किशोर गम्भीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुँची पुलिस और आसपास मौजूद लोगों ने दोनों को सीएचसी जतुआ टप्पा पहुंचाया, जहाँ चिकित्सकों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। दूसरे घायल की गम्भीर हालत देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। बुधवार की देर शाम गुरुबक्शगंज थाने की अटौरा चौकी क्षेत्र के रायबरेली-लालगंज मार्ग पर स्थित आधार शिला कॉलेज के समीप की है। क्षेत्र के केशरुआ गाँव निवासी सुभाष (19) पुत्र सुरेश व कृष्ण कुमार (16) पुत्र छंगा बाइक से घर जाते समय मोबाइल पर रील बनाने का प्रयास कर रहे थे। तभी आधारशिला कॉलेज के पास सड़क किनारे खड़े कंटेनर में बाइक अनियंत्रित होकर पीछे से घुस गई। इस हादसे में दोनों सवार गम्भीर रूप से घायल हो गये। मौके पर पहुँची पुलिस और आसपास मौजूद लोगों ने दोनों घायलों को सीएचसी जतुआ टप्पा भेजा, जहाँ डॉ अश्वनी यादव ने सुभाष को मृत घोषित कर दिया। वही कृष्ण कुमार की गंभीर स्थित को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## प्रचार वाहन से फार्मर रजिस्ट्री का दिया संदेश

**अभियान**

जगतपुर (रायबरेली)

**अमृत विचार।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के अंतर्गत किसानों का फार्मर रजिस्ट्रेशन के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसी उद्देश्य से खंड विकास अधिकारी प्रवीण कुमार त्रिपाठी ने प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रचार वाहन के माध्यम से ग्राम पंचायतों में किसानों को किसान सम्मान निधि योजना से संबंधित जानकारी दी जाएगी। वाहन गांव-गांव जाकर किसानों को फार्मर रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेजों तथा समय पर पंजीकरण न कराने की स्थिति में लाभ से वंचित होने की जानकारी देगा, जिससे किसान योजना का लाभ समय से प्राप्त कर सकें।

खंड विकास अधिकारी ने बताया कि सरकार की मंशा है कि कोई भी पात्र किसान प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के लाभ से वंचित न रहे। इसी उद्देश्य से ग्राम पंचायत स्तर पर व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे नजदीकी ग्राम पंचायत अथवा संबंधित कार्यालय में पहुंचकर शीघ्र अपना फार्मर रजिस्ट्रेशन कराएं। इस मौके पर संदीप पांडे, राजकीय कृषि बीज प्रभारी वीरेंद्र कुमार आदि लोग मौजूद रहे।


फार्मर रजिस्ट्री जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाते बीडीओ। अमृत विचार

### किसानों को फार्मर रजिस्ट्री करवाना कर दिया गया अनिवार्य: शिव बहादुर

**बछरावां (रायबरेली) अमृत विचार।** बुधवार को खंड विकास अधिकारी शिवबहादुर सिंह ने फार्मर रजिस्ट्री के प्रचार-प्रसार के लिए जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कहा कि अब किसानों के लिए 'फार्मर रजिस्ट्री' कराना अनिवार्य कर दिया गया है। इसके बिना किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, खाद, बीज, और कृषि उपकरणों पर मिलने वाली सब्सिडी जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं का लाभ नहीं मिल पाएगा। यह वाहन अब क्षेत्र के सुदूर गांवों में जाकर किसानों को बताएंगे कि वे अपना पंजीकरण कैसे और कहाँ करवा सकते हैं। प्रशासन का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि क्षेत्र का कोई भी पात्र किसान तकनीकी प्रक्रिया के कारण अपने हक से वंचित न रहे। बीडीओ ने किसानों से अपील की है कि वे जल्द से जल्द अपनी फार्मर रजिस्ट्री प्रक्रिया पूरी करें, क्योंकि भविष्य में सरकारी मदद सीधे इसी रजिस्ट्री के आधार पर दी जाएगी। इस मौके पर एडीओ पंचायत सीताराम, एडीओ कृषि आशीष गुप्ता, ग्राम विकास अधिकारी आलोक शुक्ला, सफाई कर्मी अध्यक्ष नीरज चौरसिया, सुनील धानुक, अजय कुमार, रामलखन धानुक, राजू धानुक, सुमित कुमार आदि उपस्थित रहे।

### ऊंचाहार देहात प्रधान को हाईकोर्ट से राहत

**ऊंचाहार (रायबरेली)।** क्षेत्र के ऊंचाहार देहात ग्राम पंचायत के प्रधान के वित्तीय अधिकारों पर रोक लगाने के जिलाधिकारी के आदेश को उच्च न्यायालय ने निरस्त कर दिया है। डीएम ने क्षेत्रीय विधायक डॉ. मनोज पांडेय द्वारा याचिका समिति में की गई शिकायत के आधार पर जांच में पाई गई कथित अनियमितता के उनके अधिकारों पर रोक लगाई थी। ज्ञात हो कि ऊंचाहार देहात ग्राम प्रधान धनराज यादव के विरुद्ध विधायक डॉ. मनोज पांडेय ने कई बिंदुओं पर शिकायत विधान सभा की याचिका समिति में की थी। जिसमें राज्य वित्त, मनरेगा और 15वां वित्त के कार्यों में अनियमितता का आरोप लगाया था। इस शिकायत की जांच अलग-अलग जांच टीम द्वारा की गई थी। जांच में अनियमितता की पुष्टि होने के बाद जिलाधिकारी ने बीते साल सितंबर माह में प्रधान के वित्तीय और प्रशासनिक अधिकारों पर रोक लगा दी थी। इस आरोप और जांच आख्या की चुनौती प्रधान ने उच्च न्यायालय में दी थी। उच्च न्यायालय ने परीक्षण के दौरान यह पाया कि अलग अलग जांच टीमों ने एक ही कार्य में अलग अलग तरीके से अनियमितता की आख्या रिपोर्ट दी थी। जिसके बाद न्यायालय ने डीएम के आदेश पर रोक लगाते हुए प्रधान के सभी अधिकार बहाल करने के निर्देश दिया है।

## नहर में डूबकर इकलौते बेटे की मौत, मचा कोहराम

शिवगढ़ (रायबरेली)

- ढेकवा गांव के छात्र का शव मिलने से फैली सनसनी

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के ढेकवा गांव में 6 वर्षीय मासूम अनस पुत्र अलीमुद्दीन का शव मिलने से सनसनी फैल गई। अनस प्राथमिक विद्यालय ढेकवा में कक्षा एक का छात्र था।

परिजनों के मुताबिक बुधवार को रोज की तरह घर से स्कूल के लिए निकला था। पूर्वाहन लगभग 11 बजे जिसका शव गांव के बगल से निकली शिवगढ़ रजबहा से लगभग 500 मीटर दूरी पर कुम्हरावां माइनर में मिला जिसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिवगढ़ पहुंचाया गया, जहां पर डॉक्टर अनिल कुमार ने स्वास्थ्य परीक्षण के पश्चात उसे मृत घोषित कर दिया। माइनर में अनस का शव मिलने से परिजनों में कोहराम मच गया। अनस इकलौता था जिसकी मौत से अलीमुद्दीन के घर का चिराग बुझ गया है। सीएचसी अधीक्षक डॉ. प्रेमशरन ने बताया कि छात्र को मृत अवस्था में अस्पताल गया था। इकलौते बेटे की मौत से ढेकवा गांव सहित परिवार में कोहराम मच गया। पिता अलीमुद्दीन पेसे से मजदूर हैं बेटे अनस की मृत्यु से मां अजमतुन निशा और परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। शिवगढ़ थाना प्रभारी राजीव सिंह ने बताया कि अस्पताल से मेमो आया है पुलिस को मौके पर भेजा गया है।

**पत्नी से झगड़कर पति ने खाया जहर, मौत, बछरावां:** थाना क्षेत्र के अंतर्गत रामपाल खेड़ा मजरे बन्नावा गांव निवासी सोनू उर्फ रवि प्रकाश सिंह (35) पुत्र दारा सिंह की मंगलवार को देर शाम पत्नी मुन्नी के साथ किसी बात को लेकर विवाद हो गया। जिससे आहत होकर पति ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। उसकी हालत बिगड़ता देख परिजनों के द्वारा उसे एम्बुलेंस के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां ले जाया गया, जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहीं जिला अस्पताल में उक्त युवक की उपचार के दौरान मृत्यु हो गई। कोतवाली पुलिस का कहना है कि शिकायती पत्र मिलने पर जांच की जाएगी।

**आयोजन** ईटीएफ मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट का अंतिम दिन, मेजबान खिलाड़ियों में मो. अयाज, संजय वर्मा और श्वेता वर्मा का बेहतर प्रदर्शन

# मेजर निर्भय, अमित, सलोनी और अमिता बनीं चैंपियन

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** ए. गोल्डस्मिथ स्पोर्ट्स एकेडमी मटिहा में चल रही ईटीएफ मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट के अंतिम दिन मेजर निर्भय सिंह ने शानदार प्रदर्शन किया। 30 वर्ष आयु वर्ग में मेजर निर्भय सिंह ने उत्तराखंड के टॉप सीडेड शौर्य वर्मा को 6-0, 6-0 से हराकर चैंपियन बने। 45 वर्ष की आयु में अमित तिलक ने सत्या पाठक को 6-1, 6-0 से हराया। डबल्स के फाइनल मैच में प्रकाश बिष्ट और पुष्पेंद्र शर्मा ने हृदेश पाल और शौर्य वर्मा को 6-2, 6-4 से हराकर फाइनल में जीत हासिल किया। महिला सिंगल फाइनल मैच में सलोनी ने विमुक्ति सिंह को 6-0, 6-0,



टेनिस टूर्नामेंट में विजेता और उपविजेता के साथ नपाप अध्यक्ष शत्रुघ्न सिंह, ईओ स्वर्ण सिंह व सीओ अमित सिंह। अमृत विचार

जबकि सीनियर वर्ग में अमिता मौर्या ने मोनिका सिंह को 6-2, 6-2 से मैच जीत लिया।

इससे पहले मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष शत्रुघ्न सोनकर, सीओ लालगंज अमित सिंह, नगर पालिका अधिशासी अधिकारी स्वर्ण सिंह ने खिलाड़ियों परिचय प्राप्त किया। इसके बाद विजेता और उपविजेता को ट्रॉफी एवं सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। अतिथियों का स्वागत टेनिस एसोसिएशन सचिव श्वेता वर्मा, मोहम्मद अयाज, संजय वर्मा, हशमत अली ने किया। लखनऊ से आए खिलाड़ी मेजर निर्भय सिंह ने कहा कि अगले साल ईटीएफ में कई और साथी खिलाड़ियों को लाने का प्रयास किया जाएगा और सभी को धन्यवाद दिया।

प्रतियोगिता के अन्य मुकाबलों में 60 वर्ष से अधिक आयु वर्ग सिंगल में लक्ष्मण सिंह ने रोमांचकारी मुकाबले में अनिल कुमार को 6-4, 6-3 से हराया। वहीं डबल्स में लखनऊ के अनिल कुमार और लक्ष्मण सिंह ने बहुत ही संघर्षपूर्ण मैच में लखनऊ के मनीष सिंह और पीयूष कुसुमवाल को 6-2, 2-6, 10-8 से हराकर फाइनल मैच जीत लिया। मिक्स डबल में रायबरेली के हशमत अली और विमुक्ति सिंह उप विजेता रहे। उनको लखनऊ के अभिषेक और सलोनी ने हराकर फाइनल जीता। 50 वर्ग आयु में दिल्ली के पवन जैन और बनारस की मंजू खरे ने लखनऊ के मनीष सिंह और मोनिका सिंह को हराकर फाइनल जीता। 35 वर्ष में गोविंद मौर्य और अभिषेक यादव ने रायबरेली के हशमत अली और मनीष कुल्हाड़ी को हराकर फाइनल में जीत हासिल किया। इसी प्रकार 40 वर्ष के ग्रुप में रायबरेली के सुनील कुमार ने बहुत संघर्षपूर्ण मैच में राजस्थान के मनीष कुल्हाड़ी को 6-3, 6-4 से हराकर फाइनल जीता, महिला डबल्स में रायबरेली की अमिता मौर्या और विमुक्ति सिंह ने श्वेता वर्मा और मोनिका सिंह को 6-4, 6-4 से हराकर उपविजेता रही।

### विधायक पास और काली फिल्म वाहनों पर कार्रवाई

**महराजगंज (रायबरेली)।** कोतवाली क्षेत्र के हलोर चौराहे पर पुलिस टीम ने चार पहिया वाहनों की सघन चेकिंग की। इस दौरान चार पहिया वाहनों में अवैध विधायक पास, काली फिल्म, हूटर की चेकिंग की गई। इसमें वाहनों से हुटर व काली फिल्म निकाली गई। थाना प्रभारी जगदीश यादव ने कहा कि अभियान का उद्देश्य क्षेत्र में अपराध नियंत्रण एवं यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित करना है। उन्होंने लोगों से वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन करने, ड्राइविंग लाइसेंस व वाहनों के कागजात साथ में रखने की अपील की। उपनिरीक्षक टीएन तिवारी, उपनिरीक्षक रोहित कुमार, आरक्षी कुंदन यादव, आरक्षी पिंटू यादव, गौरव कुमार आदि मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### नहर चौराहे पर लगे सीसीटीवी कैमरे, व्यापारियों में खुशी

**फुरसतगंज (अमेठी) :** क्षेत्र के एयर पोर्ट चौराहे पर आए दिन होने वाली चोरियों, उचक्कों से निजात दिलाने हेतु समाज सेवी पवन शुक्ला के सहयोग से सी.सी.टी.वी. कैमरे लगवाए गए। जिससे अब एयर पोर्ट चौराहे पर चोर, उचक्के, व लुटेरे पुलिस को चकमा नहीं दे सकते क्यों की चौराहे के दोनों तरफ सीसीटीवी कैमरा लगा गया है अब आयें दिन हो रही चोरी, छीनैती, सड़क दुर्घटनाएं, व स्टंट बाजी, पर विराम लगाने का प्रयास किया गया है। फुरसतगंज क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता व खालिसपुर प्रधान प्रतिनिधि पवन शुक्ला व थाना अध्यक्ष फुरसतगंज नन्द हौशिला यादव के सौजन्य से नहर कोठी चौराहे पर दोनों ओर सीसीटीवी कैमरा लग जाने से व्यापारियों में खुशी की लहर है वहीं व्यापारियों ने वरिष्ठ कांग्रेसी नेता को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा की यह समाज में अच्छा कार्य है और समय की मांग थी की नहर कोठी चौराहा सीसीटीवी कैमरे से लैस हो। वही फुरसतगंज थाना प्रभारी नन्द हौशिला यादव ने बताया की सीसीटीवी कैमरे लग जाने से सभी गतिविधियों पर नजर रहेगी।

### जायस में अपात्रों को मिल गए आवास

**जायस (अमेठी) :** तहसील तिलोई अंतर्गत जायस नगर पालिका के अंतर्गत प्रदेश सरकार ने शहरी आवास योजना के अंतर्गत गरीबों को पक्की छत देने के लिए हाल ही में बजट बढ़ाते हुये प्रत्येक गरीब को आवास की पहली किस्त उनके खाते में भेजने हेतु अधिकारियों को निर्देश किया है। लेकिन जायस नगरपालिका परिषद में यह योजना गरीबों के लिए नहीं, बल्कि अमीर व रसूखदारों के लिए सरकारी तोहफा साबित हो रही हैं। हालात ये हैं कि विभागीय अधिकारी नियमों को ताक पर रखकर एक ही परिवार के 3 से 4 आवास तक सरकारी तोहफा समझकर खटाखट दे दिया गया है। जबकि असली जरूरतमंद आज भी दर-दर की ठोकरें खाने को मजबूर सरकारी दफ्तर में कागज लेकर भटक रहे हैं। सूत्रों के अनुसार, यह पूरा खेल बिना विभागीय जिम्मेदार की मिलीभगत से संभव नहीं हो सकता था। सूत्रों की माने तो डूडा के कर्मचारी व जांचकर्ता हल्का लेखपाल की कथित साठगांठ से अपात्रों को कागजों पर पात्र बना दिया गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि जिनके पास पहले से ही दो मजिला पक्के मकान, दुकानें मौजूद हैं वे भी सरकारी आवास के लाभार्थी बन गए हैं।

# बाहर की दवा लिखी तो होगी कार्रवाई

**सीएचसी जगदीशपुर के निरीक्षण के दौरान सीएमओ ने अधिकारियों को दी हिदायत**

संवाददाता, अमेठी



सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जगदीशपुर का निरीक्षण करते मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंशुमान सिंह व मौजूद मरीज। अमृत विचार

**अमृत विचार।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जगदीशपुर का बुधवार को सीएमओ डॉ. अंशुमान सिंह ने निरीक्षण किया। इस दौरान जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. महेन्द्र कुमार त्रिपाठी, अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जगदीशपुर डॉ. संजय कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। इस दौरान सीएमओ ने संबंधित अधिकारियों को सख्त हिदायत दी कि अगर बाहर की दवा लिखी गई तो कार्रवाई होगी।

निरीक्षण में प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया गया, जहां सभी जेनरिक दवाएं उपलब्ध पाई गईं और किसी भी बाहरी दवा की बिक्री नहीं हो रही थी। केंद्र संचालक को केवल जेनरिक दवाएं रखने और बाहरी दवाओं की बिक्री न करने का निर्देश दिया गया, अन्यथा लाइसेंस निरस्त करने की चेतावनी दी गई। ओपीडी कक्ष में बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. एम.के. त्रिपाठी के पर्चे पर लिखी दवाएं पठनीय नहीं पाई गईं। चिकित्सक को निर्देश दिया गया कि पर्चे पर दवाओं के नाम स्पष्ट रूप से लिखें ताकि मरीजों को समझने में आसानी हो। अधीक्षक डा. संजय को निर्देशित किया गया कि सभी चिकित्सकों व कर्मचारियों को सूचित करें कि किसी भी मरीज के लिए बाहर की दवा या जांच न लिखी जाए। साथ ही, पीए सिस्टम से प्रचार-प्रसार कर मरीजों को जन औषधि केंद्र पर उपलब्ध सस्ती दवाओं के बारे में जागरूक करने का निर्देश दिया गया, ताकि वे बाहर से दवा न खरीदें।

सीएचसी के निरीक्षण के दौरान एक मरीज ने बताया कि डॉ. अजय तिवारी द्वारा पर्चे पर बाहरी दवा लिखी गई थी। पूछताछ में पता चला कि केंद्र पर डॉ. अजय तिवारी नाम का कोई चिकित्सक नहीं है, बल्कि अजय तिवारी नाम का एक फार्मासिस्ट कार्यरत है। फार्मासिस्ट अजय कुमार तिवारी को निर्देशित किया गया कि वे मरीज को बाहरी दवा लिखने के कारणों का स्पष्टीकरण सात दिनों के भीतर दें, अन्यथा फरवरी 2026 का उनका वेतन रोक दिया जाएगा। प्रयोगशाला कक्ष में सभी एलटी/एलए उपस्थित पाए गए और मरीजों की जांच कर रहे थे। उपस्थिति पंजिका के अवलोकन में स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी विनोद कुमार मिश्रा उपार्जित अवकाश पर पाए गए, अन्य सभी कर्मचारी उपस्थित थे। सीएमओ ने सीएचसी अधीक्षक को प्रतिदिन उपस्थिति पंजिका का अवलोकन करने और जन औषधि केंद्र का निरीक्षण कर यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही किसी भी सूरत में कोई बाहरी दवा न देने और बाहर से दवा नहीं लिखने का निर्देश दिया।

## विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्यों का प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

**फुरसतगंज (अमेठी)।** ब्लॉक संसाधन केंद्र बहादुरपुर में सामुदायिक सहभागिता कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय प्रबंध समिति (एसएमसी) के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं प्रधानाध्यापकों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। खण्ड शिक्षा अधिकारी राकेश सचान ने प्रशिक्षण का शुभारंभ किया। इस महत्वपूर्ण प्रशिक्षण सत्र में विकास खंड बहादुरपुर के सभी प्रधानाध्यापक और एसएमसी अध्यक्षों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी प्रधानाध्यापकों को 'जनपहल' नामक एक विशेष हस्तपुस्तिका वितरित की गई, जो विद्यालय के विकास में उनकी भूमिका को स्पष्ट करती है। प्रशिक्षण का संचालन मास्टर ट्रेनर हरिकेश कुमार, धर्म राज, अनुभव और मोहम्मद राजू ने किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में 83 विद्यालय प्रबंध समितियों के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और प्रधानाध्यापक उपस्थित रहे। इनमें सुलोचनी, मीरा, विमला देवी, राम सुंदर, सुनीता, मो. शरीफ, संजय कुमार, कन्हैयालाल, किरन शुक्ला, सीमा सिंह, श्वेता द्विवेदी सहित अन्य कई लोग शामिल थे।

## ई-रिक्शा व बाइक की भिड़ंत में महिला समेत पांच लोग गंभीर

संवाददाता, तिलोई (अमेठी)

**हादसा**




**अमृत विचार।** मोहनगंज थानाक्षेत्र के अन्तर्गत रायबरेली अयोध्या नेशनल हाईवे पर स्थित टोल प्लाजा के निकट वन विभाग कार्यालय के सामने लगभग रात्रि 9 बजे एक लोडर ई-रिक्शा व मोटर साईकिल की आमने सामने हुई भिड़ंत, जिसमें महिला समेत पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

जानकारी के अनुसार मोहनगंज थानाक्षेत्र के ग्राम चेतरा बुजुर्ग निवासी राहुल चौरसिया (30) पुत्र हृदय नरायन चौरसिया व अर्जुन जायसवाल (32) पुत्र रामलखन जायसवाल व प्रदीप चौरसिया (26) पुत्र हरिप्रसाद चौरसिया बेचल जगदीशपुर से ई-रिक्शा पर समान लादकर वापस अपने घर चेतरा बुजुर्ग आ रहे थे। जैसे मोहनगंज स्थित वनविभाग सामने पहुंचे ही थे सामने से आ रही मोटर साईकिल पर सवार फुजैल खान (22) पुत्र सोहेल अख्तर अपने मां शहजहां (37) निवासी ग्राम पूरे मानव पोस्ट सराय गोपी थाना सुबेहा जिला बाराबंकी को लेकर बाइक से अपने ननिहाल पूरे सूबेदार शंकरगंज जा रहे थे। दोनों वाहन टोल प्लाजा के निकट वनविभाग के सामने पहुंचते ही दोनों में जोरदार टक्कर हो गई। जिसमें महिला समेत पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। वह वीरों की सूचना पर पहुंची मोहनगंज पुलिस व तिलोई के ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह के सुपुत्र अखंड प्रताप सिंह मौके पर पहुंचकर आनन फानन में एंबुलेंस की मदद से सभी घायलों को जिला अस्पताल लोधवारिया में भर्ती कराया। जहां सभी की हालत गम्भीर बनी हुई है।

वहीं इस सम्बन्ध में थानाध्यक्ष राकेश सिंह ने बताया कि सभी घायलों के परिवार के लोगों को सूचित कर दिया गया है। अभी किसी तरफ से तहरीर नहीं प्राप्त हुई है मिलने के पश्चात वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

## एसडीएम के खिलाफ आक्रोशित अधिवक्ताओं का प्रदर्शन जारी

मुसाफिरखाना (अमेठी)

**अमृत विचार।** एसडीएम प्रशासनिक अभिनव कनौजिया के स्थानांतरण व एसडीएम की आय से अधिक संपत्ति की निष्पक्ष जांच कराने सहित अन्य मांगों को लेकर तहसील परिसर में बुधवार को भी बार एसोसिएशन अध्यक्ष वेद प्रकाश शुक्ला के नेतृत्व में दर्जनों अधिवक्ताओं ने एसडीएम के विरुद्ध प्रदर्शन करते हुए जमकर नारेबाजी की।

बुधवार को भी एसडीएम अभिनव कनौजिया के स्थानांतरण की मांग को लेकर बार एसोसिएशन अध्यक्ष वेद प्रकाश शुक्ला के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने स्थानीय तहसील परिसर में एसडीएम के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन करते हुए जमकर नारेबाजी की। बार एसोसिएशन अध्यक्ष वेद प्रकाश शुक्ला ने बताया कि एसडीएम अभिनव कनौजिया अधिवक्ताओं और वादकारियों के साथ सही ढंग से पेश नहीं आते।अधिवक्ताओं का प्रदर्शन लगभग पिछले एक माह से अनवरत चल रहा है। किन्तु अभी तक शासन की तरफ से कोई ठोस कार्यवाही नहीं हुई। यह हड़ताल पिछले 30 दिसम्बर से अनवरत चल रही है, किन्तु अभी जिला प्रशासन के कान में जूं तक नहीं रेंग रही है। इस मौके पर केके सिंह, राजन सिंह, प्रमोद श्रीवास्तव, रमाशंकर तिवारी, राजेन्द्र कुमार यादव, सुभाष चन्द्र शुक्ला, पवन तिवारी, संजय मिश्रा, सुग्रीव मिश्रा, अंजनी मिश्रा, संजय शुक्ला, राजीव तिवारी, अश्विनी श्रीवास्तव, नवनीत चौबे, ललित चौबे, रविनंदन पाण्डेय, सत्यभान सिंह, संदीप तिवारी, संतोष सिंह, संजय सिंह, सुरेश कुमार, एसपी यादव, लिपिक राकेश तिवारी सहित अन्य अधिवक्ता आदि रहे।

## बदहाल रास्ते पर गिरकर चोटिल हो रहे लोग

संवाददाता, अमेठी



जर्जर सड़क से गुजरतीं युवतियां। अमृत विचार

**समस्या**

**अमृत विचार।** अमेठी तहसील के ककवा रोड की बदहाल स्थिति के कारण क्षेत्र के बीस हजार से अधिक लोगों का जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। पूरी सड़क गड्ढों में तब्दील हो चुकी है, जिससे प्रतिदिन यात्रा करने वाले राहगीरों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। सड़क इतनी जर्जर हो गई है कि पैदल चलना भी दूभर हो गया है, और लोग आए दिन गड्ढों में गिरकर चोटिल हो रहे हैं।

लापरवाही का आलम यह है कि बारिश के मौसम में सड़क की स्थिति और भी भयावह हो जाती है। गड्ढों में पानी भर जाने से वे दिखाई नहीं देते, जिससे स्कूल-कॉलेज जाने वाले बच्चे भी गिरकर चोटिल हो जाते हैं। कई बार लोगों को गंभीर चोटें भी लग चुकी हैं। ऐसे में, सरकार द्वारा "गड्ढा मुक्त सड़क" के दावों की सच्चाई ककवा रोड की हालत से साफ झलकती है। बाइक और साइकिल से इस सड़क से गुजरना किसी खतरे से कम नहीं है।

स्थानीय निवासी राम सिंह ने बताया कि सड़क कई वर्षों से इसी जर्जर अवस्था में है, लेकिन कोई भी अधिकारी इस ओर ध्यान देने नहीं आया। उन्होंने तत्काल सड़क की मरम्मत कराने की मांग की है, अन्यथा कोई बड़ा हादसा हो सकता है। पवन कुमार ने बताया कि सड़क के किनारे नाली न होने के कारण घरों का गंदा पानी सीधे सड़क पर जमा हो जाता है, जिससे कीचड़ और फिसलन बनी रहती है। उन्होंने भी सड़क बनवाने की मांग की।

वहीं स्थानीय प्रशांत तिवारी का कहना है कि प्रतिदिन लोग गिरकर चोट खा रहे हैं, लेकिन जिम्मेदार लोग इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। क्षेत्र के लोगों ने प्रशासन से जल्द से जल्द सड़क को दुरुस्त कराने की गुहार लगाई है, ताकि आवागमन सुरक्षित हो सके।

## परिषदीय विद्यालयों में हुआ निपुण सर्वे आकलन



कंपोजिट विद्यालय रूपामऊ ब्लॉक अमावां में आकलन करते प्रशिक्षु।

**रायबरेली, अमृत विचार।** जिले के 1937 प्राथमिक एवं कंपोजिट विद्यालयों में कक्षा एक एवं कक्षा दो में पढ़ने वाले छात्रों के निपुण सर्वे का आकलन गत सप्ताह से चल रहा है। अब तक 1771 परिषदीय प्राथमिक विद्यालयों का आकलन किया गया। कक्षा 1 व 2 में भाषा और गणित की दक्षता को जांचने के लिए निपुण लक्ष्य एप की सहायता से डायट की निपुण सर्वे टीम आकलन कर रही है। सर्वे के आठवें दिन 173 विद्यालयों का आकलन किया गया। आकलन करने के लिए प्रत्येक टीम में दो फील्ड इन्वेस्टिगेटर नियुक्त किए गए हैं। जनपद में निपुण सर्वे के नोडल व डायट के प्रवक्ता अभिवेक श्रीवास्तव ने बताया कि विद्यालय स्तर पर निपुण सर्वे के दौरान आने वाली तकनीकी समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए राज्य परियोजना कार्यालय द्वारा विद्या समीक्षा केंद्र का गठन किया गया है। डायट में ऋषभ गुप्ता, हेमंत रमन, प्रखर चौरसिया, गौरव अवस्थी, गौरव पाठक, आशीष कुमार, सर्वेश पाण्डेय व कुलदीप वर्मा तकनीकी विशेषज्ञों के रूप में कार्य कर रहे हैं। बीते दिन भी टीम ने विभिन्न तकनीकी समस्याओं को हल किया। आज डायट की टीम 111 विद्यालयों का आकलन करेगी।

### सफल नहीं होने देंगे भाजपा के मंसूबे : जेपी यादव

**लालगंज (रायबरेली)।** बुधवार को समाजवादी पार्टी की बैठक आयोजित की गई।विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष जेपी यादव ने कहा कि सपा कार्यकर्ता भाजपा के मंसूबों को पूरा नहीं होने देंगे। पूरी विधानसभा में 47 सेक्टर प्रभारी, 47 सेक्टर पर्यवेक्षक, 6 जोन प्रभारी तथा 446 बूथ प्रभारी बीएलओ के साथ पूरी सजगता के साथ कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सपा कार्यकर्ता भाजपा का कोई भी षड्यंत्र सफल नहीं होने देंगे। बैठक में सूर्यभान सिंह, योगेश यादव, शिवकुमार यादव, सरदार यादव, सुरेंद्र सिंह, अमित यादव, मोहम्मद नईम आदि लोग मौजूद रहे।



बैठक में बोलते विधानसभा अध्यक्ष जेपी यादव।

### महिलाओं को मिला आत्मनिर्भर बनाने का मौका

**तिलोई (अमेठी) अमृत विचार।** ब्लॉक तिलोई अंतर्गत बैकयार्ड पोल्ट्री योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों की 16 अनुसूचित जाति की महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए 50 मुर्गी बच्चों (चूजों) का निशुल्क वितरण किया गया। इसके साथ ही प्रत्येक लाभार्थी को 25 किलो मुर्गी दाना भी प्रदान किया गया। इस पहल का उद्देश्य महिलाओं को खुद के रोजगार का अवसर मिलना व उनकी आय में वृद्धि करना है। इन चूजों को पालने के बाद महिलाएं न केवल अपने परिवार के लिए अंडे और मांस का प्रबंध कर सकती हैं, बल्कि इसे व्यवसाय के रूप में विस्तारित कर आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर भी बन सकती हैं। यह योजना महिलाओं के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है, जो उन्हें समाज में बराबरी का दर्जा देने के साथ-साथ उनके आत्मसम्मान और जीवनशैली में सुधार लाएगी। यह वितरण कार्यक्रम महिलाओं को उनके प्रयासों के परिणामस्वरूप न केवल आत्मनिर्भर बनाने का अवसर दे रहा है, बल्कि उन्हें एक स्थिर और सशक्त भविष्य की ओर अग्रसर भी कर रहा है।

### उच्च न्यायालय के फैसले से अनुदेशकों में खुशी

**सिंहपुर (अमेठी) अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश सरकार ने वर्ष 2013 मे पूर्व माध्यमिक विद्यालयों मे शिक्षकों की कमी को पूरा करने के उद्देश्य से प्रत्येक विद्यालय मे सौ छात्र संख्या के अनुपात मे अनुदेशकों की नियुक्ति की गई थी। नियुक्ति के दौरान अनुदेशकों को सरकार ने सात हजार रूपये प्रति महीने के हिसाब से मानदेय देने का निर्णय लिया था। बाद मे वर्ष 2017 मे अनुदेशकों को 17 हजार रूपये प्रस्तावित हुआ था जिसके विरोध मे राज्य सरकार ने उच्च न्यायलय मे अपील दाखिल की थी। सिंहपुर ब्लॉक क्षेत्र के पूर्व माध्यमिक विद्यालयों मे तैनात अनुदेशक कृष्ण कान्त, विजय साहू, बीना यादव, उर्मिला देवी, अवधेश यादव, रेखा, आलोक शुक्ला, अनिल पांडे, अजय जायसवाल, विजय कुमार, ऋतुजा आदि ने उच्च न्यायालय के निर्णय को अनुदेशक हित मे बताते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया हैं। अनुदेशक संघ सिंहपुर के ब्लॉक अध्यक्ष कृष्ण कांत ने बतायाकि सर्वोच्च न्यायालय ने उत्तर प्रदेश में वर्षों से काम कर रहे करीब 25 हजार अंशकालिक शिक्षकों (अनुदेशकों) की नौकरी खत्म न करके 17 हजार रुपए के मानदेय का रास्ता भी साफ कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार की वह अपील खारिज कर दी है, जिसमें यूपी सरकार अनुदेशकों के मानदेय बढ़ाने के खिलाफ थी। सुप्रीम कोर्ट की डबल बेंच ने साफ कहा है कि निर्धारित अवधि खत्म होने के बाद भी अनुदेशकों की नियुक्ति केवल संविदात्मक नहीं मानी जा सकती। अनुदेशको ने सर्वोच्च न्यायालय के फैसले को हित मे बताते हुए आभार जताया है।



फैसला आने के बाद प्रसन्न मुद्रा में अनुदेशक।

# गांव में घुसा ओवरफ्लो नहर का पानी ग्रामीणों के लिए बना मुसीबत

**लापरवाही**

लालगंज (रायबरेली)



गांव में भरा नहर का पानी व मौजूद ग्रामीण। अमृत विचार

**अमृत विचार।** लालगंज विकासखंड के कान्हमऊ मजरे जमुवांवा में ओवरफ्लो नहर का पानी गांव के अंदर गलियों और मकानों के अंदर घुसने से लोगों को भारी मुसीबत का सामना उठाना पड़ रहा है।

अवर अभियंता सौरभ यादव ने बताया कि नहर से पानी के निकास का गेट बंद करा दिया गया है। अब पानी नहर से छोटी अल्पिका में नहीं जाएगा। वही ग्राम प्रधान प्रतिनिधि राज नारायण पांडे ने बताया कि कई दिनों से गांव में पानी भरा है। शिकायत के बावजूद समस्या का समाधान नहीं कराया जा रहा है। ग्राम प्रधान द्वारा स्वयं के साधनों से जेसीबी से खेतों का कटान करा कर पानी को मथना नाले में निकालने का प्रयास किया गया। राज नारायण पांडे ने बताया कि बड़े नहर से निकली जमुवावां अल्पिका की सफाई तो हुई है लेकिन खेतों को जाने वाले गूल नाली की सफाई न होने के चलते पानी खेतों में भर गया और खेतों से होकर लोगों के घरों तक पहुंच गया। उल्लेखनीय है कि शारदा सहायक उन्नाव खंड से निकले बड़े नहर से बालेश्वर मंदिर के पास से जमुवांवा अल्पिका निकली है जिसमें 40 वर्षों के बाद पानी आया है। पानी आने से लोगों को जहां राहत पहुंची थी। वहीं अब लोगों को भारी मुसीबत से गुजरना पड़ रहा है।

## फर्जी दस्तावेज के आधार पर अपने नाम दर्ज करवा ली जमीन

**ऊंचाहार (रायबरेली)।** फर्जी मुख्तार नामा के आधार पर जमीन अपने नाम कराने का मामला सामने आया है। इसमें कोर्ट के आदेश पर चार लोगों के विरुद्ध धोखाधड़ी का केस दर्ज किया गया है। मामला कोतवाली क्षेत्र के गांव निबावर का है। गांव निवासी राज कुमार का कहना है कि उनके चाचा सालिकराम ने उनके नाम रजिस्टर्ड वसीयत की थी। जिनकी संपत्ति पर वह काबिज है। इस बीच अरुण कुमार द्विवेदी, किशोर कुमार, अशोक कुमार सिंह ने शिव जी नगर इंदौर निवासी दया शंकर दीक्षित के पक्ष में मुख्तार नामा तैयार किया और उसके आधार पर उनके चाचा की भूमि अपने नाम दर्ज करवा ली। इस बात की जानकारी जब पीड़ित को हुई तो उसने मामले की शिकायत राजस्व न्यायालय में की। न्यायालय द्वारा मुख्तारनामा की वास्तविकता की पड़ताल की गई, तो वह फर्जी पाया गया और उसके बाद में उनके दावों को खारिज कर दिया गया। इसके बाद पीड़ित ने मामले की शिकायत कोतवाली में की है।

## चोरी के जेवर और नकदी के साथ चार शातिर गिरफ्तार

तिलोई (अमेठी)

**अमृत विचार।** कोतवाली मोहनगंज क्षेत्र के अंतर्गत बीते सप्ताह फूला गांव के एक घर में अज्ञात चोरों द्वारा चोरी की घटना को अंजाम दिया था जिसमें पीड़ित महिला ने अज्ञात चोरी के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कराया था। जिस पर मोहनगंज पुलिस द्वारा जांच शुरू कर दी थी। पुलिसिया जांच पड़ताल के बाद पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी। चोरी की घटना में शामिल चार आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी का सामान बरामद हुआ।

जानकारी के अनुसार मोहनगंज थानाक्षेत्र के अंतर्गत ग्राम फुल निवासी सेमऊ पत्नी रमेश पासी ने थाने पर प्रार्थनापत्र देकर बताया था कि बीते 20 जनवरी 2026 को अपने परिवार के साथ दामाखेड़ा छत्तीसगढ़ सतसंग में गई थी। इसी बीच अज्ञात चोरों द्वारा घर के पीछे से चढ़कर जीने के रास्ते से घर के अंदर घुस गए। और घर में रखा बक्सा अलमारी का ताला तोड़कर सोने चांदी के कीमती आभूषण सहित 55 हजार की नगदी अज्ञात चोर उठा ले गए। छत्तीसगढ़ सतसंग से वापस 27 जनवरी 2026 की शाम जब घर पहुंची तो देखा की घर का ताला व अंदर रखे हुए बक्सा, अलमारी का ताला टूटा हुआ था। सोने चांदी व नगदी घर से गायब था। पीड़िता ने थाने पर शिकायती तहरीर देकर मुकदमा पंजीकृत कराया पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई थी। दिन बुधवार को पुलिस ने घटना में शामिल उपरोक्त गांव निवासी चार आरोपी सूरज पुत्र बैजनाथ, राजकुमार पुत्र श्रीनाथ, अर्जुन पुत्र केदारनाथ, दीपक सिंह पुत्र संत बक्स सिंह को गिरफ्तार किया। पुलिस द्वारा कड़ाई से पूछताछ की गई तो अभियुक्तों ने बताया गए स्थान थानाक्षेत्र के कुटमरा गांव के जंगल में गड्ढा करके सारा समान दबा दिया था। पुलिस ने चोरी के सोने चांदी के लगभग 12 लाख के जेवरात व 41 हजार नकदी बरामद कर ली है।

**आयोजन** — कैंसर दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम को अधीक्षक ने संबोधित किया

# सही उपचार से हराया जा सकता है कैंसर : डॉ. नीरज

संवाददाता, रायबरेली




जागरूकता कार्यक्रम को संबोधित करते अधीक्षक, प्रो. डॉ. नीरज कुमार श्रीवास्तव मौजूद अन्य अधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान एम्स मुंशीगंज में संचालित ऑन्कोलॉजी विभाग ने कैंसर दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ डीन प्रो. डॉ. नीरज कुमारी, उपनिदेशक कर्नल अखिलेश सिंह, वित्तिय सलाहकार कर्नल यूएन राय ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों द्वारा कैंसर के सामान्य लक्षणों के बारे में जागरूक किया गया।

जनरल सर्जरी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. दीपक राजपूत, डॉ. वंदना वर्मा, डॉ. अनन्या सोनी, डॉ. सुयश सिंह, डॉ. गौरव त्रिवेदी, डॉ. केडी सिंह, डॉ. अरुणप्रीत कौर, डॉ. मिलन दीप ने कैंसर की बीमारी का तुरंत इलाज कराने पर जोर दिया। डॉ. सुयश सिंह व डॉ. दीपक राजपूत ने ब्रेन ट्यूमर, थायराइड और ब्रेस्ट कैंसर के लिए सर्जिकल सुविधा की उपलब्धता के बारे में जानकारी दी। डॉ. गौरव त्रिवेदी ने विश्व कैंसर दिवस 2026 की थीम "यूनाइटेड बाय यूनिक" के महत्व पर ज़ोर दिया।

कार्यक्रम में अधीक्षक, प्रो. डॉ. नीरज कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि संस्थान में ऑन्कोलॉजी विभाग शुरू होने के बाद से हजारों कैंसर मरीजों का इलाज किया गया है। उन्होंने कहा कि समय पर जागरूकता, सही जानकारी और जीवनशैली में छोटे-छोटे बदलाव कई जिंदगियों को बचा सकते हैं। उन्होंने आम लोगों से अपील की कि वे नियमित जांच को नजरअंदाज न करें और किसी भी लक्षण को हल्के में न लें। बताया कि कैंसर कोई अभिशाप नहीं, बल्कि समय पर पहचान और सही उपचार से इसे हराया जा सकता है। संस्थान सभी एडवांस्ड कैंसर ट्रीटमेंट दे रहा है। प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना के फेज-II में फंड अलॉटमेंट का इंतजार है। जिसके बाद जल्द ही रेडियोथेरेपी शुरू की जाएगी।

## चार लोगों पर मारपीट का मुकदमा दर्ज

**सिंहपुर (अमेठी)।** शिवरतनगंजथाना क्षेत्र के गांव झलिहा निवासी युवक ने मारपीट का आरोप लगाते हुए तहरीर दी थी। गांव निवासी युवक ऋषिकेश पाल ने बतायाकि वह अपने भाई अर्जुन के साथ खेत मे पानी लगाने जा रहा था तभी कुटी गांव निवासी राम नरेश, सुरेश, आशीष व अमित ने गाड़ी रोककर लाठी व डंडे से मरापीटा। शोरगुल सुनकर ज़ब ग्रामीण दौड़े तो जान से मारने की एलानिया धमकी देते हुए भाग गए। वहीं थानाध्यक्ष दया शंकर मिश्रा ने बतायाकि पीड़ित की तहरीर पर चार लोगों पर सम्बंदित धाराओं मे मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

